● सीधी, सिंगरौली ,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 333, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 22 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल दलित विरोधी: जयराम रमेश 5

हमारी टीम में सारे तबाही प्लेयर हैं भाई : ऋषभ पंत 6

## भाजपा के संकल्प पत्र में केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा

### ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए बनेगा बोर्ड, घरेलू कामगारों से किया वादा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को संकल्प पत्र को जारी किया। भाजपा तीन चरणों में संकल्प पत्र जारी कर रही है। आज दूसरा भाग जारी किया गया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के दूसरे भाग को पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया है।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। दो बार की यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी होगी। यह मोदी की गारंटी है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो विकसित दिल्ली की एक अहम भूमिका है। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आपके सामने पहले अपनी बात रखी थी, आज उसके दूसरे भाग को लेकर मैं आप सबके सामने आया हूं।

आगे कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे। दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देने का प्रयास करेंगे। भाजपा की जहां भी सरकारें रही, जन-कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु रहा। केंद्र सरकार में भी हमने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया, वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलालों को खत्म कर दिया है। डीबीटी के माध्यम से जन-कल्याणकारी योजनाओं को



लागू किया। भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। दिल्ली के सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

#### भाजपा का संकल्प पत्र पार्ट-2 की घोषणाएं

जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा। एससी छात्रों को हर महीने एक हजार रुपये की मदद। ऑटो-टैक्सी वालों के लिए वेलफेयर बोर्ड। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की मदद। दो बार के यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति का भी वादा

#### भाजपा का संकल्प पत्र पार्ट-1 की घोषणाएं

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी किया था। उन्होंने दिल्ली वासियों से वादा कि दिल्ली में जन कल्याण की चल रहीं वर्तमान योजनाएं उनकी सरकार (भाजपा) बनने के बाद भी जारी रहेंगी। योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत और उनमें सुधार किया जाएगा। उनको भ्रष्टाचार मुक्त भी किया जाएगा। भाजपा का संकल्प पत्र तीन चरणों में लागू होगा।

#### भाजपा के पहले संकल्प पत्र की बड़ी घोषणाएं

महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 दिए जाएंगे। गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 की सब्सिडी दी जाएगी। गरीब परिवारों को होली और दिवाली पर एक सिलेंडर मुक्त दिया जाएगा। गर्भवती महिलाओं को 21000 दिए जाएंगे। 70 साल से अधिक आयु के लोगों को 10 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा। 60 से 70 साल के लोगों की पेंशन में 500 की बढ़ोतरी की जाएगी। 70 साल से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांग व विधवा महिलाओं को 2500 के बजाय ?3000 पेंशन दी जाएगी। दिल्ली में अटल कैंटीन योजना लॉन्च की जाएगी, इसके तहत झुग्गी झोपड़ी इलाके में 5 में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

## मुख्यमंत्री पुणे में करेंगे निवेशकों और उद्योगपतियों से संवाद

### मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर होगा प्रजेन्टेशन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। राज्य में निवेश की संभावनाओं को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए 22 जनवरी को पुणे में इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस सत्र में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों, निवेशकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। राज्य में निवेश के अनुकूल वातावरण पर चर्चा होगी। यह सत्र पुणे के होटल रिट्ज़ कार्लटन में होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे और कुशल मानव संसाधन के माध्यम से निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक राज्य को 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने



के लिए यह सत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इससे पहले मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, और कोयंबटूर में इंटरेक्टिव सेशन आयोजित किए जा चुके हैं, जो निवेशकों के साथ मजबूत संवाद स्थापित करने में सफल रहे हैं। यह प्रयास प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 24 और 25 फरवरी में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का हिस्सा है। देश-विदेश के निवेशकों में काफी उत्साह है। मध्यप्रदेश, अपने प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों और विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे के साथ, निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। पुणे में इंटरेक्टिव सेशन में उद्योग जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड के चेयरमैन श्री संजय किर्लोस्कर विशेष अतिथि होंगे, जबकि पिनेकल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन श्री सुधीर मेहता नेटवर्किंग डिनर की मेजबानी करेंगे। फोर्स मोटर्स के चेयरमैन डॉ. अभय फिरोदिया और ब्रिजस्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हिरोशी योशिजाना भी इस सत्र में अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे।

सत्र में मध्यप्रदेश में फिनटेक, आईटी, आईटीईएस, एग्रीटेक, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मा, स्वास्थ्य सेवाओं, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन, कौशल विकास और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी।

## बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर ममता ने फिर केंद्र पर साधा निशाना

### कहा-सीमा की सुरक्षा बीएसएफ की जिम्मेदारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियो की घुसपैठ को लेकर एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार एक बार फिर से केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करना सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की जिम्मेदारी है। उन्होंने मालदा जिले के लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती इलाकों में जाने से बचें। मुख्यमंत्री ममता की यह टिप्पणी 18 जनवरी को मालदा जिले में बीएसएफ चौकी के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद आई है। जहां पर दोनों देशों के किसानों के बीच हुआ



विवाद झड़प में बदल गया था। बता दें कि, बंगाल का मालदा जिला बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करता है। ममता बनर्जी ने मालदा जिले में एक बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं। उन्होंने कहा, सीमा की सुरक्षा करना बीएसएफ का कर्तव्य है। मैं लोगों से आग्रह करती हूं कि अगर उन्हें कोई समस्या दिखे तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं। बनर्जी ने जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों से उन लोगों पर नजर रखने का भी आग्रह किया, जो भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं या गलत इरादे से होटल के कमरों में ठहरे हुए हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते बेहतर होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में राज्य सचिवालय में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा बल पर बांग्लादेश से घुसपैठ को अनुमति देने का आरोप लगाया था।

## पांच फरवरी को महाकुंभ आ सकते हैं पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है।

## वैश्विक बाजार में तेल की कमी नहीं : हरदीप

### मंत्री बोले-यूएस से भारत को और अधिक उर्जा मिलने की संभावना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए प्रशासन ने तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने की घोषणा की है, जिससे भारत को अमेरिका से और अधिक उर्जा मिल सकती है। उन्होंने कहा, भारत के तेल आपूर्तिकर्ताओं की संख्या पहले ही 27 से बढ़कर 39 हो गई है और अगर और तेल आता है तो इसका हम स्वागत करते हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ऑटो उद्योग निकाय सियाम के एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से बात कर रहे थे।



उनसे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने के कदमों पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे पूछें कि क्या अमेरिकी उर्जा अधिक मात्रा में बाजार में आएगी, तो मेरा जवाब हां है। अगर आप कहें कि भारत और अमेरिका के बीच उर्जा की अधिक खरीददारी की मजबूत संभावना है, तो भी मेरा जवाब हां है। उन्होंने कहा, पिछले तीन वर्षों में हम बाजार में थे और जिसने भी तेल की आपूर्ति की, हमने उससे खरीदा। पुरी ने ब्राजील का उदाहरण दिया, जहां उन्होंने भारत के लिए भूकंपीय सर्वेक्षण और समुद्र से तेल निकालने के काम में मदद मांगी थी। साथी उन्होंने बताया कि अर्जेंटीना की तेल कंपनी वाईपीएफ का प्रमुख भी उनसे सहयोग के लिए मिलने आ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय बाजार नए अमेरिकी प्रशासन में की गई घोषणाओं को बहुत ध्यान से देख रही है और यह स्पष्ट है कि वैश्विक बाजार में तेल की कोई कमी नहीं है।

## ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनते ही बाइडेन के 78 फैसले पलटे

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने भारतीय समयानुसार सोमवार रात 10:30 बजे अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में पद की शपथ ली। सुप्रीम कोर्ट के जज जॉन रॉबर्ट्स ने उन्हें शपथ दिलाई। यह उनका दूसरा टर्म है। वे 2017 से 2021 तक अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रह चुके हैं। ट्रम्प की शपथ के दौरान पत्नी मेलानिया बाइबिल लेकर खड़ी रहीं। शपथ के बाद कुछ देर तक संसद का कैपिटल रोटुंडा हॉल तालियों से गूंजता रहा। अपनी स्पीच में ट्रम्प ने कहा कि भगवान ने अमेरिका को महान बनाने के लिए उन्हें बचाया।

## बुलंदशहर में फैक्टरी में गैस लीक होने से बड़ा हादसा, दो की मौत, एक गंभीर

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर स्थित सिंकदराबाद में बैटरी की रिसाइक्लिंग फैक्टरी बैट-एक्स एनर्जीज में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे गैस रिसाव से मजदूर सतेंद्र (26) और अंशुल चौहान (29) की मौत हो गई। एक मजदूर गिरीश की हालत गंभीर बनी हुई है। फैक्टरी सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र में गांव तिलबेगमपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित है। जिलाधिकारी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। बताया गया कि दिल्ली निवासी विक्रांत ने हाल ही में यहां बैटरी रिसाइक्लिंग की फैक्टरी लगाई है। फिलहाल ट्रॉयल चल रहा है, जल्द ही नियमित कार्य शुरू होना था। मंगलवार सुबह गुलावठी के गांव बिसाइच निवासी मजदूर सतेंद्र, मुरादाबाद निवासी अंशुल चौहान और गिरीश अपने दो अन्य साथियों के साथ ट्रायल कर रहे थे।

सुबह करीब 10 बजे बैटरी में प्रयोग किए जाने वाले तेजाब को पाइप लाइन के जरिए एकत्र किया जाना था लेकिन मजदूरों ने सीधे अंतिम छोर पर डाल दिया।

## होटल अग्निकांड में अब तक 66 लोगों की मौत

**अंकारा।** तुर्किये के गृह मंत्री ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी तुर्की के एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में मंगलवार को आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। अली येरलिकाया ने आगे बताया कि इस आपदा में कम से कम 51 अन्य लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्री येरलिकाया ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा, इस घटना से हम बहुत दुखी हैं।

वहीं स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने बताया कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों और रिपोर्टों के



अनुसार, बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3:30 बजे आग लग गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि, घटना के दौरान होटल में कुल 234 लोग ठहरे थे। गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने सरकारी एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट के कारण इमारत से कूदने के बाद हो गई। एक स्थानीय टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। घटना के दौरान होटल में रुके स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वे इमारत से बाहर भागे। इसके बाद उन्होंने होटल से लगभग 20 लोगों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे लोगों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों और रिपोर्टों में बताया गया कि होटल में फायर सिस्टम काम नहीं कर रहा था।

## हमले के बाद पहली बार सामने आए सैफ अली खान, सकुशल पहुंचे घर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को चाकू से हुए हमले की घटना के करीब पांच दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। आज मंगलवार 21 जनवरी को अभिनेता अपने घर लौट आए हैं। मालूम हो कि हमले के बाद वे उपचार के लिए लीलावती अस्पताल पहुंचे थे। करीब पांच दिन अस्पताल में रहने के बाद आज वे घर लौट आए हैं। अभिनेता की हालत में सुधार हो रहा है। अस्पताल से बाहर आकर सैफ अली खान ने फैंस और मीडिया का अभिवादन किया। उन्हें मुस्कुराता देख फैंस ने राहत की सांस



ली है। सैफ अली खान ने मुस्कुराकर हाथ हिलाते हुए फैंस और मीडिया का आभार जताया। सैफ अली खान पर 16 जनवरी की सुबह हमलावर ने चाकू से कई वार किए। अभिनेता बुरी तरह जख्मी हुए। उनकी गर्दन और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आईं। लीलावती अस्पताल मे उनका इलाज चला, जहां उनकी कई घंटे की सर्जरी हुई।

## महाकुंभ का अनोखा आश्रम, सभी महामंडलेश्वर विदेशी, बोलते फर्राटेदार संस्कृत

**प्रयागराज।** कुंभ मेला के सेक्टर-17 में स्थित शक्तिधाम महाकुंभ का सबसे अनोखा आश्रम है। यह एक मात्र ऐसा आश्रम है, जहां आश्रम के नौ महामंडलेश्वर विदेशी हैं। ये हिंदी सही से नहीं बोल पाते, लेकिन फर्राटेदार संस्कृत में पाठ करते हैं। शक्तिधाम आश्रम में नौ महामंडलेश्वर विदेश से ताल्लुक रखते हैं। इनमें से एक ही महामंडलेश्वर हिंदी में बात करते हैं। सबसे अनोखी बात यह है कि यह सभी महामंडलेश्वर पूरी तरह खुद को भारतीय बना लिए हैं। इन महामंडलेश्वरों में कोई यूएसए कोई इजराइल तो कोई जापान से संबंध ताल्लुकात रखते हैं।

## अब सीएम नीतीश के लिए बिहार चलाना असंभव हो चुका : तेजस्वी

**रोहतास।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने फिर से सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला है। रोहतास में अपनी यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप नीति आयोग की रिपोर्ट देखेंगे तो पाएंगे कि बिहार बेरोजगारी, गरीबी, पलायन आदि में अव्वल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगभग 20 साल से बिहार को चला रहे हैं और केंद्र में भी भाजपा की सरकार है, लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिला सके। नीतीश कुमार बोलते थे कि विशेष राज्य के दर्जे को लेकर पदयात्रा करेंगे जबकि मौजूदा समय में वे केंद्र में भी सरकार के साथ है। इसलिए बड़ा सवाल है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा कब दिलवाएंगे। बिहार में अपराध चरम सीमा पर है, लायन आर्डर ध्वस्त हो चुका है, गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही, प्रखंड व थाने पर बिना घूस दिए कोई काम नहीं हो रहा है। बिहार में भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक परीक्षा भी ढंग से नहीं करा पा रहे और बिहार चलाना इनके लिए अब असंभव हो चुका है। मुख्यमंत्री थक चुके हैं और रिटायर्ड अधिकारियों के साथ बिहार चला रहे हैं। इन लोगों के पास ना कोई नया विजन है और ना ही नई सोच है कि कैसे बिहार को आगे लेकर जाए।

## संगम पर अदाणी ने की पूजा-अर्चना

### रसोई में खुद तैयार किया प्रसाद, 50 लाख श्रद्धालुओं में बांटा

**प्रयागराज।** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने महाकुंभ मेले में भक्तों को भोजन परोसने के लिए इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) से हाथ मिलाया है। यह सहयोग महाप्रसाद सेवा पहल का हिस्सा है, जो 26 फरवरी तक पूरे मेले में चलेगा। गौतम अदाणी मंगलवार को महाकुंभ में पहुंचे। उन्होंने कहा, मैं महाकुंभ के लिए बहुत उत्साहित हूं। गौतम अदाणी ने इस्कॉन मंदिर में आरती की। इसके बाद परिवार के साथ रसोई में गए, जहां पर प्रसादम बनाया। यह प्रसादम भक्तों में बांटा गया।

नौ जनवरी को, अदाणी समूह और इस्कॉन ने महाकुंभ मेले में आने



वाले बड़ी संख्या में भक्तों को मुफ्त भोजन प्रदान करने के लिए अपनी साझेदारी की घोषणा की थी। मेले के दौरान महाप्रसाद सेवा से 50 लाख श्रद्धालुओं को भोजन मिला। भोजन मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर स्थित दो रसोई घरों में तैयार किया गया और पूरे मेले में 40 अलग-अलग स्थानों पर वितरित किया गया।

बुजुर्गों, दिव्यांगों और बच्चों वाली माताओं की सहायता के लिए गोल्फ कार्ट सहित विशेष व्यवस्था की गई। अदाणी ने सेवा के प्रति इस्कॉन के समर्पण की सराहना करते हुए कहा था, सही मायने में सेवा देशभक्ति का सर्वोच्च रूप है। सेवा ध्यान है, सेवा प्रार्थना है और सेवा भगवान है। साझेदारी पर विचार करते हुए उन्होंने समझाया, इस्कॉन के साथ हमारा अद्भुत अनुभव और लगाव है। कुंभ मेले में प्रसादम के बारे में सोचा तो तुरंत पहला विचार इस्कॉन का आया। यह संस्था इसे सबसे अच्छे तरीके से कर सकती है। मानवता की सेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाने वाले गुरु प्रसाद स्वामीजी ने अदाणी की विनम्रता और निस्वार्थ योगदान की प्रशंसा की। स्वामीजी ने कहा, अदाणी समूह हमेशा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और सामाजिक सेवा का एक शानदार उदाहरण रहा है, जो चीज गौतम अदाणी को उत्कृष्ट बनाती है, वह उनकी विनम्रता है। वह कभी बुलाए जाने का इंतजार नहीं करते, बल्कि निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए आगे बढ़ते हैं। हम उनके योगदान के लिए बेहद आभारी हैं। महाप्रसाद सेवा के अलावा, यह पहल भक्तों को गीता सार की पांच लाख प्रतियां भी वितरित करेगी, जिससे उपस्थित लोगों के आध्यात्मिक अनुभव में और वृद्धि होगी। 2500 स्वयंसेवकों की एक समर्पित टीम के साथ यह परियोजना दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समारोहों में से एक में मानवता की सेवा के लिए कॉर्पोरेट जगत और आध्यात्मिक संस्थानों के बीच सहयोग के प्रतीक के रूप में खड़ी है।

### एसटीएफ के आरोपी को नवानगर पुलिस का संरक्षण

# खान और श्रीवास्तव डीजल के नाम पर लूट रहे एनसीएल को

**सिंगरौली।** एसटीएफ के आरोपी को नवानगर पुलिस का खुला संरक्षण प्राप्त है तभी तो खान और श्रीवास्तव डीजल के नाम पर एनसीएल को लूट रहे हैं। बताया जाता है कि खान एसटीएफ का आरोपी रहा है इसके बावजूद नवानगर पुलिस आरोपी के साथ मिलकर डीजल की खुलेआम लूट करवा रही है। सिंगरौली में कोयला कबाड़ व डीजल का जिसने भी धंधा किया वह रातों-रात मालामाल हो जाता है। अगर उसमें पुलिस का संरक्षण मिल जाए तो वह अपनी औकात में आ जाता है। कुछ ऐसा ही नवानगर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। जहां डीजल कारोबारी खान व श्रीवास्तव नवानगर के जिम्मेदारों का कारखास बनता है। जिसे पुलिस का खुला संरक्षण प्राप्त है। लेकिन पुलिस के लिए वह अनजान बताया जाता है। यह बात कितनी सच है वह तो नवानगर वाले ही बताएंगे।




इधर बता दे कि ऊर्जाधानी कोयले के लिए मशहूर है। यह जिला हमेशा से कोयला,कबाड़ और डीजल के लिए बदनाम रहा है। जहां कुछ लोगों के लिए यह किसी वरदान से काम नहीं है।यहां कई ऐसे चर्चित गुदड़ी के लाल आए जो नंगे थे लेकिन पुलिस के विश्वास पात्र बनकर चंद दिनों में ही अर्श से फर्श में पहुंच गए। हालांकि चमत्कार की वजह हर कोई जानना चाहता है लेकिन समझ में कम लोगों के ही पल्ले पड़ता है। इधर बता दे की जिले के नवानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनसीएल की निगाही खदान की तारीफ पीएम तक कर चुके हैं। और यह ऐसी जगह है जहां कोयला कबाड़ और डीजल के कारोबार से हर कोई मालामाल हो जाता है। कुछ ऐसा ही श्रीवास्तव और खान के साथ भी हुआ है। एक ऐसा भी दौर था जब यह काम की तलाश करते थे लेकिन आज डीजल का कारोबार इन्हें ऐसा शुमार किया कि इनका नाम नवानगर, निगाही और जयंत का हर व्यक्ति जानता है। लोग तो बताते हैं कि इतनी तरक्की की वजह थाना क्षेत्र के साहबान हैं। क्योंकि खुली छूट दी गई है खूब लूटो और मुझे भी खिलाओ। पल-पल की जानकारी कारखास रखते हैं। उसके बदले में प्रतिदिन शाहबानो और कारखासों की कमाई हो रही है।

### एसटीएफ के आरोपी से पुलिस ने मिलाया हाथ

एक ऐसा दौर था जब नवानगर,निगाही और जयंत क्षेत्र में खान का दबदबा था उस दौर में किसी की क्या मजाल कोई परिंदा पैर मार ले। खान के पनाह में जो जाता था। वही उस क्षेत्र में कार्य करता था। इसकी पैंठ सिंगरौली के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में थी। यही वजह थी कि खान एसटीएफ के निशाने पर था। आखिरकार एसटीएफ में कार्यवाही करते हुए दर दबोचा था। अब फिर से सिंगरौली में अपनी हनक बना लिया है और थाना अधिकारियों के संरक्षण में एनसीएल में खूब सेंधमारी करते सरकार को झटका दे रहा है।

## गोरबी पुलिस ने मैग्जीन मोड़ से 250 ग्राम गांजा किया जप्त

**सिंगरौली।** पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में समस्त अनुविभागिय अधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी व चौकी प्रभारीयों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जानकारी मे बताया गया कि बीते 20 जनवरी को चौकी गोरबी थाना मोरवा द्वारा आरोपी कमलेश कुमार उर्फ लकी साकेत पिता भइयालाल साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बरहवा टोला थाना मोरवा जिला सिंगरौली ग्राम गोरबी बस्ती मैग्जीन मोड़ के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिये रखा हुआ था। आरोपी के पास से 250 ग्राम मादक पदार्थ गांजा, कीमती 7,500 का जप्त कर अपराध क्रमांक 34/2025 पंजीबद्ध कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही मे उप निरी. भिपेन्द्र पाठक चौकी प्रभारी गोरबी, सउनि गुलराज सिंह, सतीश दिक्षित, प्र.आर. नरेन्द्र यादव, राजबहोर प्रजापती, आर. कियामुद्दीन की सराहनीय भूमिका रही है।

# तीन माह से समूह संचालकों को नहीं मिला मध्यान्ह भोजन की राशि

**सिंगरौली।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक योजना है प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना जो सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दोपहर में गर्म पका हुआ भोजन खिलाने के उद्देश्य से बनाया गया है। जिससे सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति एवं बढ़ते कुपोषण से गरीब बच्चों निजात दिलाया जा सकें। परंतु सरकार की सिस्टम एवं अधिकारियों की लापरवाही से यह मध्यान्ह भोजन योजना जीर्ण-शीर्ण हालत में चल रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण सिंगरौली जिला है। मध्यप्रदेश के साथ - साथ सिंगरौली में इस योजना को संचालित करने का कार्य महिला स्व सहायता समूहों को दिया गया है। जिससे गरीब माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके। किन्तु प्राप्त जानकारी अनुसार सिंगरौली जिले में मध्यान्ह भोजन योजना की लागत राशि समूहों को पिछले तीन महीनों से प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए स्कूलों में बच्चों को गर्म



पका हुआ भोजन व्यवस्था लड़खड़ा रही है। महिला स्व सहायता समूह की बहनों द्वारा कर्ज लेकर लगातार सुचारू रूप से स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा है। लेकिन समूह की बहनों के बताए अनुसार अब दुकानदार भी भोजन निर्माण सामग्री देने से साफ मना कर दिये है। जिसके कारण अब आगे सरकारी स्कूलों में चूल्हा बंद होना निश्चित है और बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन मिल पाना मुश्किल हो जाएगा। वर्ष 2013 तक मध्यान्ह भोजन योजना की राशि एडवांस मिल जाती थी। जिससे समूहों द्वारा किराना सामान नगद खरीदा जाता था वर्तमान समय में दो माह तीन माह में भुगतान होता है जिससे समूह की महिलाओं को कर्ज लेकर बच्चों को खाना खिलाना पड़ रहा है।बजट नहीं मिलने के सम्बन्ध में समूहों द्वारा शासन प्रशासन को निरंतर अवगत कराया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद उन्हें राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में आगामी गणतंत्र दिवस को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में लड्डू खीर पुड़ी का वितरण करना समूहों के लिए चुनौती बन गया है।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से 31 मार्च तक होगा

**सिंगरौली।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से 31 मार्च तक होगा।

किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति पीसी चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले में गेंहू उपार्जन के लिए 28 केन्द्र प्रस्तावित किए जा रहे हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके।

पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जायेगा।

# यातायात पुलिस ने वाहन चालकों का कराया नेत्र परीक्षण

**सिंगरौली**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (1 जनवरी से 31 जनवरी 2025) के तहत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस सिंगरौली द्वारा आज एनसीएल के झिंगुरदा परियोजना में 100 से अधिक वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कैंप लगा कर कराया गया।एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मारुति वैन के माध्यम जागरूकता संबंधी वीडियो क्लिप दिखाए गए। स्थानीय गीतों के माध्यम से लोगों



को यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट पहनने के फायदे बताए गए। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई।सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारे जीवन की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, गति सीमा का ध्यान रखें और कभी भी नशे की हालत में वाहन न चलाएं। याद रखें, आपकी सुरक्षा और दूसरों की सुरक्षा आपके हाथ में है। जागरूक नागरिक बनें और एक सुरक्षित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।थाना प्रभारी यातायात दीपेंद्र सिंह ने कहा, कि जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना है। यातायात नियमों का पालन करके न केवल अपना बल्कि दूसरों का जीवन भी सुरक्षित रखा जा सकता है। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, तेज गति से वाहन न चलाएं और शराब पीकर वाहन चलाने से बचें।

## सीएम हेल्प लाईन की रैकिंग, जिले ने फिर बनाया टॉप 5 में स्थान

**सिंगरौली।** प्रदेश स्तर से प्रति माह जारी होने वाली सीएम हेल्प लाईन की रैकिंग में सिंगरौली जिले ने 82.53 अंको साथ 5 वा स्थान प्राप्त किया है। इसी के साथ राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, जल संशाधन विभाग, सहकारिता विभाग, नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग एवं मछुआ कल्याण एवं मत्स्य कल्याण विभाग ने सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुयें सीएम हेल्प लाईन की जिलेवार विभागीय रैकिंग मे पहला स्थान प्राप्त किया है। विदित हो कि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में विभागो द्वारा सीएम हेल्प लाईन में दर्ज होने वाली शिकायतों का तत्परता के साथ संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने का परिणाम है कि जिले को माह दिसम्बर में प्रदेश स्तर कि रैकिंग में 5 स्थान प्राप्त हुआ।

# बरका पुलिस ने 3 माह एवं 6 माह से गुम बालको को किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी देवसर व थाना प्रभारी सरई के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी बरका उनि संदीप नामदेव व पुलिस टीम द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत पिछले वर्ष के अपहृत बालको को ग्राम गजराबहरा व ग्राम रामनगरकला जिला सीधी (म.प्र.) से दस्तयाब किया गया। जानकारी मे बताया गया कि थाना सरई में फरियादी लालबहादुर सिंह पिता सूर्यभान सिंह गोंड़ उम्र- 59 वर्ष निवासी धौहनी का अपने भतीजा



मोहन सिंह के गुमने एवं फरियादी रामलखन साकेत पिता हिन्छलाल साकेत उम्र-33 वर्ष निवासी ग्राम सर्राटोला के द्वारा अपने लड़का मनधारी साकेत की गुमने की सूचना दिये थे। सूचना पर पर थाना सरई में क्रमश:अपराध क्रमांक-835/2024 एवं 1023/2023, धारा-137(2) बी.एन.एस. का कायम कर अपहृत बालको का पता तलाश किया जा रहा था जो क्रमश: 19 जनवरी को 6 माह से गुमशुदा बालक मोहन सिंह पिता शिवनारायण सिंह उम्र-17 वर्ष सा. धौहनी को ग्राम गजराबहरा थाना सरई से एवं 20 जनवरी को 3 माह से गुमशुदा बालक मनधारी साकेत पिता रामलखन साकेत उम्र-17 वर्ष सा. सर्राटोला को ग्राम रामनगर कला जिला सीधी (म.प्र.) से दस्तयाब किया गया।

उक्त कार्यवाही मे उप निरी. संदीप नामदेव, उप निरी. एसके सोनवानी प्र. आर -माधव प्रताप सिंह, प्र.आर.-पुष्पराज सिंह आर-जितेन्द्र अहिरवार, आर.-अभिषेक पाण्डेय, आर. फत्ते बहादुर सिंह, आर.- मनीष ठाकुर आर-जुझार मीणा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर शासकीय भवनों में होगी रोशनी

**सिंगरौली।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जायेगी। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने सभी अधिकारियों को कार्यालय भवनों में रोशनी कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निजी संस्थानों से भी उनके भवनों में गणतंत्र दिवस में रोशनी करने का अनुरोध किया है।

# सासन पुलिस ने नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**सिंगरौली।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सासन प्रियंका मिश्रा व पुलिस टीम ने नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया है ।

जानकारी मे बताया गया कि फरियादी निवासी ग्राम काम चौकी सासन थाना बैढन जिला सिंगरौली (म.प्र.) का बीते 18 जनवरी को चौकी सासन मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लडकी उम्र 15 वर्ष की घर से बिना बताये कही चली गई हैं जिसकी पता तलास किया नही मिलने पर चौकी सासन मे अज्ञात आरोपी की विरुद्ध बहला फुसला कर लडकी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना वैढन मे अपराध 66/2025 धारा 137(2) भा.न्या.सं. कायम कर विवेचना में लिया गया अपराध कायमी के उपरान्त तत्काल टीम बनाकर अपहृता की पता तलास किया जाकर 24 घंटे अपहृता को मोरवा (सिंगरौली) से दिनांक 19 जनवरी को दस्तयाब कर उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया।

# डीपीओ ने बर्तन खरीदी में किया 4 करोड़ 98 लाख का घोटाला ?

**बाजार में जो जग, चम्मच, करछी 250-300 में मिल रहे इन्हें आंगनबाड़ियों के लिए 4 करोड़ 98 लाख में खरीदा, जय माता दी ट्रेडर्स ने की सप्लाई**

**सिंगरौली।** महिलाओं के जीवन में जहर घोलने वाले डीपीओ का एक नया कारनामा सामने आया है। अब डीपीओ ने आंगनबाड़ियों के लिए खरीदे जाने वाले बर्तन में घोटाला करने की चर्चा हैं। आरोप हैं कि महिला बाल विकास विभाग ने बर्तन सप्लायरों के साथ सांठगांठ कर 4 करोड़ 98 लाख सरकारी पैसों का बंदर बांट कर लिया। इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत कर्मचारी कोई जानकारी नहीं की बात कह रहे हैं। तो वहीं डीपीओ राजेश राम गुप्ता को फोन लगा कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पूर्व की तरह फोन नहीं उठाया।

गौरतलब है कि जिले की 1500 आंगनबाड़ियों के लिए 3100 नग जग, 6200 सर्विंग स्पून (करछी) और 46500 स्पून 4 करोड़ 98 लाख 88 हजार 300 रुपए में खरीदे गए। सूत्रों की माने तो तीनों ही सामग्री अनब्रांडेड है जो सामान्यत: 250-300 रुपए कीमत की होती हैं, लेकिन सप्लायर ने एक चम्मच 810, सर्विंग चम्मच 1348 और जग 1247 रुपए में दिया। जबकि थोक में दाम कम हो जाते हैं, लेकिन अफसर सप्लायर की मिलीभगत ने बच्चों के हक में ढाका डाला है। बताया जा रहा है कि तीनों सामग्री की खरीदी के लिए टेंडर ही नवीन सोनी की फर्म जय माता दी ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ के लिए बनाया गया था। अन्य कंपनियां टेंडर में क्वालिफाई ही नहीं हो पाई और टेंडर जय माता दी ट्रेडर्स को मिल गया। वहीं वर्क ऑर्डर जय माता दी ट्रेडर्स के नाम जारी हुआ, लेकिन सप्लाय रीतेश मेहता द्वारा की जा रही है।

### डीपीओ और ठेकेदार मंत्री की देते हैं धौंस

महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश गुप्ता और सप्लायर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने मीडिया से दूरी बना लिए हैं। वहीं भोपाल स्तर के मंत्री सहित केंद्रीय मंत्रियों का नाम लेकर अपनी हनक दिखाकर मामले को शांत करने में लगे हैं। सूत्र बताते हैं कि डीपीओ राजेश राम गुप्ता भोपाल पहुंच गए हैं और इस मामले को मैनेज करने में लग गए हैं।

### इन सामग्रियों की हुई खरीदी

महिला बाल विकास विभाग द्वारा बर्तन खरीदी में भ्रष्टाचार किया गया है। विभागीय सूत्रों की माने तो विभाग में हुए घोटाले की ख़बर डीपीओ के अलावा उनका निजी कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष विश्वकर्मा के अलावा किसी को नहीं है। खरीदी गई सामग्री में 52700 चम्मच 4 करोड़ 60 लाख 22 हजार 600 रुपए में और 3100 जग 38 लाख 65 हजार 700 रुपए में खरीदे गए।

### शर्तें को दरकिनार कर की गई खरीदी

चर्चा है कि टेंडर सिर्फ जग, चम्मच और राइस स्पून यानी करछी के लिए किया गया, जबकि टेंडर में 7 आइटम लिखा हुआ हैं, लेकिन सिर्फ 3 ही आइटम के रेट सामने आए हैं। तीनों आइटम रिटेल बाजार से 15 गुना अधिक पर खरीदे गए। जेम पोर्टल से खरीदी में सैंपल लेने कोई नियम नहीं था लेकिन चाहते फर्म को काम देने के लिए दो दिन पहले सैंपल बुलाने की शर्तें जोड़ी गई।

# अमानत बचत माह विशेष अभियान अंतर्गत चितरंगी मे किसान सम्मेलन आयोजित

**सिंगरौली।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी शाखा चितरंगी में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी के मुख्यकार्यपालन अधिकारी कमल मकाश्रे के निर्देशन में शाखा प्रबंधक चितरंगी राजीवलोचन सिंह के द्वारा अमानत बचत पखवाड़ा के अन्तर्गत बचत माह विशेष के तारतम्य में क्षेत्र के सभी किसानों अमानतदारों का सम्मलेन बुलाया गया। जिसमे सैकड़ों की उपस्थिति रही।



शासन एवं जिला सहकारी बैंक तथा समितियों द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया जिसमें सम्मानित जनों द्वारा प्रभावित होकर उत्साह पूर्वक 8 अमानतदारों का 15 लाख रुपये का फिक्स डिपोजिट कराया गया तथा 13 नए बचत खाता खोला गया बचत खाता धारकों द्वारा 5 लाख रूपये जमा किया गया तथा 3 कालातीत ऋणी सदस्यों द्वारा 29 हजार रूपये की वसूली हुई। उक्त अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय कृत व्यवसायिक क्षेत्रीय ग्रामीण अन्य बैंकों की तुलना में सर्वाधिक ब्याज सुविधा का लाभ वरिष्ठ जनों के लिए एक प्रतिशत अधिक ब्याज दर की सुविधा आपकी अमानतें शान द्वारा मान्यता प्राप्त बीमा कंपनी से विमित एवं सुरक्षित। आरटीजीएस एवं निफ्टी की सुविधा सस्ती दर पर मुख्य शाखा सीधी में सस्ती दर पर लाकर्ष की सुविधा शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्प अवधि कृषि ऋण अंतर्गत केसीसी की सुविधा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सुविधा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना की सुविधा उपलब्ध है।कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक राजीवलोचन सिंह पर्यवेक्षक/कैशियर नयनबहादुर सिंह सीताराम बैश आपरेटर पंकज सिंह समिति प्रबंधक गढ़वा अनिल कुमार सिंह समिति गढ़वा आपरेटर श्रीराम जायसवाल समिति प्रबंधक चितरंगी संजय सिंह सहायक समिति प्रबंधक चितरंगी लोकनाथ सिंह समिति प्रबंधक बरहट बसंत सिंह सहायक समिति प्रबंधक बरहट संतलाल यादव समिति बरहट आपरेटर सर्वेश कुमार सिंह समिति प्रबंधक घोघरा राजेश कुमार वैस एवं सैकड़ो की संख्या में सम्मानित किसान एवं अमानतदारों की उपस्थिति रही।

# दीनदयाल विद्यालय रजड़िहा में धूम धाम से आयोजित हुआ 25वॉ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

## विद्यार्थियों ने जिले का बढ़ाया मान, समस्याओं एवम संसाधनो की होगी पूर्ति : सांसद



**सीधी।** शासकीय पं. दीन दयाल उपाध्याय उ.मा.वि. रजड़िहा में 25वॉ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूम धाम के साथ सांसद डॉ. राजेश मिश्र के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ समाजसेवी एवं सविंदाकार जीवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान लल्लू के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा धिकारी डॉ.प्रेमलाल मिश्रा, डॉ. राकेश गौतम, डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहें।

वार्षिकोत्सव समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने विद्यालय की क्षैक्षणिक व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि विगत 25 वर्षो से विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो कि अत्यंत सराहनीय है। सांसद ने कहा कि विद्यालय के सर्वागिंण विकास हेतु संसाधनो की कमी नही होने देंगे साथ ही अन्य समस्याओं का जल्द ही निदान किया जायेगा। सांसद ने विद्यालय प्राचार्य को आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर अवगत कराने के लिये कहा तथा आश्वसन दिया कि मेरे मद एवम शासन स्तर पर मूल भूत जरूरतों की पूर्ति की जायेगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ समाजसेवी एवं सविंदाकार जीवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान लल्लू ने कहा कि विद्यालय के गुरूजनो के अथक प्रयासो के चलते विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में दक्ष एवम समाजिक जीवन में अनुशासित हैं। गुरूजनो के द्वारा विद्यार्थियों में संस्कार देकर एक बेहतर समाज निर्माण के क्षेत्र में अहम योगदान दे रहे हैं। श्री सिंह के द्वारा विद्यार्थियों के पुरस्कार हेतु ग्यारह हजार रूपए नकद देने की घोषणा की। डॉ.पीएल मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन के क्षैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्था की सराहना करते हुए शासन स्तर पर हर संभव मदद करने का आश्वसन दिया।

विद्यालय में आयोजित समारोह के दौरान जिले की नामचीन हस्तीयों में पूर्व प्राचार्य टी.वी. सिंह, जवाहर लाल पाण्डेय, सेवानिवृत सहायक संचालक शिक्षा को शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट योगदान के उपलक्ष्य में सीधी लोकसभा के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया गया।

शासकीय पं. दीन दयाल उपाध्याय उ.मा.वि. रजड़िहा के 25वें वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शा.उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1 के प्राचार्य शम्भूनाथ त्रिपाठी, डॉ. सुजीत मिश्र, पूर्व प्राध्यापक एवं प्राचार्य डॉ. रामलला शर्मा, पूर्व प्राचार्य टी.वी. सिंह, जवाहर लाल पाण्डेय, डॉ डी.एन. दुवे, डॉ.राजकरण शुक्ल, भागवत प्रसाद पाठक, प्राचार्यगण सर्व श्री रामकृष्ण तिवारी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जेपी मिश्रा, योगेन्द्र पाठक, रामस्वारूप मिश्रा, रमेश कुमार शुक्ल, अंजनी कुमार पाण्डेय, सुमन्त द्विवेदी सहित सैकड़ो गणमान्यजन, अभिभावक, छात्र छात्रायें मौजूद रहें। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पूर्व प्राचार्य पं. रामभुवन शुक्ल तथा कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार तिवारी ने किया।

## रबी उपार्जन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूँ के समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य हेतु किसानों के पंजीयन पर्यवेक्षण, हेल्प लाईन, ई-उपार्जन की मॉनीटरिंग, उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता, खरीदी केन्द्रो का आकस्मिक निरीक्षण, खरीदी संबंधी समस्त विवादों के निराकरण एवं अन्य विषयों पर निर्णय लेने हेतु जिला स्तर पर अधिकारियों की समिति गठित की गई है।

जारी आदेशानुसार जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर जिला सीधी समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार जिला लीड बैंक प्रबंधक, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एन.आई.सी., अधीक्षण भू-अभिलेख शाखा सीधी, उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, जिला प्रबंधक वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं मंडी सचिव कृषि उपज मंडी समिति के सदस्य होंगे तथा जिला आपूर्ति अधिकारी सीधी समिति के सदस्य सचिव होंगे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 170 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश



**सीधी।** जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 170 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित हितग्राही को सूचित करे। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# समाजवादी पार्टी मनाएगी जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि



**सीधी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव रीवा संभाग प्रभारी रामप्रताप सिंह यादव के मार्गदर्शन में शहर अध्यक्ष समर बहादुर के द्वारा मीडिया में जानकारी देते हुए बताया गया कि कल दिनांक 22 जनवरी को जिला पार्टी कार्यालय सीधी में दोपहर 1:00 बजे से प्रखर समाजवादी चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई जाएगी साथ ही अगले माह में होने वाले कार्यक्रम 23 और 24 फरवरी को रीवा संभाग के सभी जिले के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन सीधी जिले में किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसको लेकर महत्वपूर्ण चर्चाएं एवं तैयारी बैठक की जाएगी बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव श्रवण कुमार विश्वकर्मा और प्रदेश सचिव धर्मेंद्र सिंह बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष रामराज यादव की उपस्थिति में बैठक की जाएगी। अत: जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी तथा सभी विंगो के जिलाध्यक्ष एवं महासचिव बंधु सादर आमंत्रित हैं।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल सीधी का निरीक्षण

## जिला जेल में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित



**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री प्रयाग लाल दिनकर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला द्वारा जिला जेल सीधी में मंगलवार दिनांक 21.01.2025 को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजन के साथ जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर ने बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की तथा बंदियों को उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री वीरेन्द्र जोशी ने जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक सहायता, उनके अधिकार, अपीलीय अधिकार, जमानत के अधिकार, प्ली वार्गेनिंग तथा सालसा की योजना की जानकारी दी। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना की जानकारी दी गई। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने बंदियों को जानकारी देते हुए कहा कि नि:शुल्क विधिक सहायता तहसील एवं जिला न्यायालय के साथ उच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा उच्चतम न्यायालय में उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के माध्यम से उपलब्ध होती है। उक्त शिविर में जेल अधीक्षक श्री रविशंकर सिंह, उप जेल अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार तिवारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी में इंटर्नशीप ले रही कु. हर्षिता सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री राजेश सिंह सहित सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

# युवा संगम में 157 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन



**सीधी।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई. एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 21 जनवरी 2025 को शासकीय आई.टी.आई. मड़रिया सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की 06 कंपनियों ने भाग लिया। मेले में 319 युवक एवं युवतियों ने अपना पंजीयन कराया एवं 157 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। स्वरोजगार से संबंधित विभाग जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी, म.प्र. ग्रामीण आजीविका मिशन, आर-सेटी सीधी, जनजातीय कार्य विभाग, उद्यानिकी एवं लीड बैंक सीधी ने अपने विभागों में चलने वाली स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर आवेदकों को स्वरोजगार संबंधी सलाह दी।

# उपसंचालक कृषि ने विभागीय प्रदर्शनों का अवलोकन किया



**सीधी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन टरफा योजनान्तर्गत रबी 2024-25 में आयोजित चना किस्म जेजी.36 एवं जौ किस्म आरडी.2899 फसल के क्लस्टर प्रदर्शन कृषक राजेंद्र तिवारी ग्राम बढ़ौरा विकासखंड सीधी के यहां दिनांक 20.01.2025 को उक्त दोनों प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। उप संचालक कृषि एस. के. श्रीवास्तव, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पी.एल. कुशवाहा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विवेक कुमार दुबे एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रशांत त्रिपाठी के द्वारा फसलों का अवलोकन किया गया। किसान ने मौके पर फसल के अच्छे उत्पादन की संभावना बताई। कृषक को फसल के बारे में उचित तकनीकी सलाह के साथ-साथ कीट ब्याधि, रोग एवं खरपतवार नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई।

# रबी उपार्जन के लिए खंड स्तरीय समिति गठित

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूँ के समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य हेतु किसानों के पंजीयन पर्यवेक्षण, हेल्प लाईन, ई-उपार्जन की मॉनीटरिंग, उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता, खरीदी केन्द्रो का आकस्मिक निरीक्षण, खरीदी संबंधी समस्त विवादो के निराकरण एवं अन्य विषयों पर निर्णय लेने हेतु खण्ड स्तर पर अधिकारियों की समिति गठित की गई है। जारी आदेशानुसार खण्ड स्तरीय समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी कृषि, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, गोदाम प्रभारी एमपीएससीएससी, गोदाम प्रभारी एमपीडब्ल्यूएलसी एवं सचिव कृषि उपज मण्डी समिति के सदस्य होंगे तथा सहायक/ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी समिति के सदस्य/ सचिव होंगे।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)**

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सू0क0 11/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/24-25 सीधी दिनांक 17.01.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलााईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 01.02.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 03.02.2025 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- **Providing a complete utility vehicle for handpump maintanance (per thousand number of handpump) विकासखण्ड सीधी, सिहावल,चुरहट,रामपुरनैकिन, मझौली, कुसमी के ग्रामों में स्थापित निम्नानुसार स्थापित हैण्डपम्पों का संधारण कार्य की निविदा ।**

| S. N. | Tender ID | Block and HP No | Mo of Hand Pump | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_396695_1 | सीधी, पश्चिमी भाग-1 | 1315 | 14.06 | 28120 | 2000 | First Call |
| 2 | EE_PHED_396696_1 | सीधी पश्चिमी भाग-2 | 1505 | 16.11 | 32220 | 2000 | First Call |
| 3 | EE_PHED_396697_1 | सीधी पूर्वी भाग-1 | 1226 | 13.11 | 26220 | 2000 | First Call |
| 4 | EE_PHED_396698_1 | सीधी पूर्वी भाग-2 | 1274 | 13.63 | 27260 | 2000 | First Call |
| 5 | EE_PHED_396699_1 | सीधी के सोननदी का उत्तरी भाग | 1692 | 18.10 | 36200 | 2000 | First Call |
| 6 | EE_PHED_396701_1 | सिहावल सोननदी के दक्षिणी भाग विधानसभा क्षेत्र सीधी | 1357 | 14.52 | 29040 | 2000 | First Call |
| 7 | EE_PHED_396702_1 | सिहावल सोननदी के उत्तरी भाग अमिलिया के उत्तर | 1450 | 15.51 | 31020 | 2000 | First Call |
| 8 | EE_PHED_396703_1 | सिहावल सोननदी के उत्तरी भाग अमिलिया के दक्षिण | 1350 | 14.44 | 28880 | 2000 | First Call |
| 9 | EE_PHED_396704_1 | सिहावल सोननदी के दक्षिणी भाग विधानसभा क्षेत्र सिहावल | 1574 | 16.84 | 33680 | 2000 | First Call |
| 10 | EE_PHED_396706_1 | रामपुर नैकिन सोननदी का उत्तर पूर्वी भाग | 1857 | 21.00 | 42000 | 5000 | First Call |
| 11 | EE_PHED_396707_1 | रामपुर नैकिन सोननदी का उत्तर पश्चिमं भाग | 1297 | 14.67 | 29340 | 2000 | First Call |
| 12 | EE_PHED_396708_1 | रामपुर नैकिन सोननदी का दक्षिणी भाग- 1 | 1042 | 11.79 | 23580 | 2000 | First Call |
| 13 | EE_PHED_396709_1 | रामपुर नैकिन सोननदी का दक्षिणी भाग- 2 | 1004 | 11.35 | 22700 | 2000 | First Call |
| 14 | EE_PHED_396710_1 | मझौली ग्रुप-ए | 1200 | 12.84 | 25680 | 2000 | First Call |
| 15 | EE_PHED_396711_1 | मझौली ग्रुप-बी | 1300 | 13.91 | 27820 | 2000 | First Call |
| 16 | EE_PHED_396712_1 | कुसमी ग्रुप-ए | 1130 | 12.09 | 24180 | 2000 | First Call |
| 17 | EE_PHED_396713_1 | कुसमी ग्रुप-बी | 1100 | 11.77 | 23540 | 2000 | First Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म.प्र. )

जी-22004/24

# गैस एजेन्सी संचालक एवं प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा लीना इण्डेन गैस एजेंसी के संचालक देवेन्द्र जैन तथा प्रबंधक विष्णु प्रसाद मल्लाह को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के विभिन्न कण्डिकाओं के उल्लंघन करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तीन दिवस में समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

उक्त प्रकरण में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच कर प्रतिवेदित किया गया है कि गैस एजेन्सी द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी नहीं की जाती है तथा होम डिलीवरी पर अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। इसके साथ ही एजेन्सी के शोरूम के सामने अवैध रूप से भण्डारित बिना विस्फोटक अनुज्ञप्ति के वाहन में लोड 39 भरे घरेलू गैस सिलेण्डर एवं एजेन्सी के सामने 33 खाली घरेलू गैस सिलेण्डरों को मय वाहन जप्त किया गया है।

## 23 जनवरी को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षक अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि 220 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र सीधी में नवीन प्रस्तावित फीडर को संयोजित करने हेतु दिनांक 23.01.2025 को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होने बताया कि दिनांक 23.01.2025 को 220 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र सीधी से निकलने वाले 33 के.व्ही. सेमरिया, सिहावल, मड़वास जेपी-1 (बरमबाबा) एवं जेपी-2 (बघवारी) की विद्युत बंद रहेगी।

# मंगल कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ



**सीधी**

नव दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का सुभारंभ उत्तरी करौंदिया से भव्य कलश यात्रा निकाली गई एवम सभी महिलाएं कलश लेकर बीर बजरंग बली संकट मोचन धाम का आशीर्वाद लिया एवम पूजा पाठ कर दोपहर 2 बजे से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमे भारी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली गई। मंगल कलश यात्रा में कथा व्यास परम् पूज्यनीय डॉ. मनमोहन दास जी महराज शरणागत आश्रम चित्रकूट चले। पूरे रास्ते यात्रा पर नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा संकट मोचन धाम होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। आयोजक समिति शिव आदिशक्ति सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिकेत चतुर्वेदी प्रतिदिन 2 बजे से सायं 7 बजे तक श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ करने का आग्रह किया।

संपादकीय

## खुले मन से हो बातचीत

केंद्र सरकार की पहल के बाद 26 नवंबर से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने आखिर चिकित्सा सहायता लेना स्वीकार कर लिया है। डल्लेवाल की उम्र और उनके स्वास्थ्य की नाजुक स्थिति को देखते हुए स्वाभाविक ही चिंता बढ़ती जा रही थी। ऐसे में यह फैसला सभी पक्षों के लिए राहत बनकर आया है। हालांकि अभी यह राहत तात्कालिक ही है क्योंकि यह साफ नहीं हो पाया है कि बातचीत के इस प्रस्ताव से किसान संगठनों की मांगों पर बना गतिरोध दूर होगा या नहीं और होगा तो कैसे। यह इस बात से भी स्पष्ट है कि किसान नेता डल्लेवाल ने चिकित्सा सहायता लेना मंजूर करते हुए भी अपना अनशन जारी रखने का ऐलान किया है। अभी भी उनका यह रुख कायम है कि मांग पूरी होने तक उनका अनशन चलता रहेगा। ध्यान रहे, उम्र के आठवें दशक में चल रहे डल्लेवाल कैंसर पेशंट भी हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि जल्द से जल्द अनशन समाप्त कर वह डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक समय पर दवाएं और भोजन लेना शुरू करें। किसान संगठनों की मांगों को लेकर गतिरोध लंबे समय से बना हुआ है। जहां किसान मुख्य तौर पर सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी मांग रहे हैं वहीं सरकार बार-बार कह चुकी है कि यह व्यावहारिक नहीं है। दोनों पक्षों के पास अपने तर्क हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि किसी बुजुर्ग नेता का अनशन पर बैठना भावनात्मक दबाव भले बनाए, किसानों की मांग को ज्यादा तर्कसंगत और न्यायोचित नहीं बनाता। सरकार इस मांग को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता जताते हुए जो इन्फ्रास्ट्रक्चर का अभाव, वित्तीय संसाधनों की कमी और खाद्य पदार्थों के मूल्य में असाधारण बढ़ोतरी की आशंका जैसे कारण गिनाती है, उन्हें सीधे तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता। शायद यही वजह रही कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में न तो कोई आदेश जारी किया और न ही इन मांगों के मेरिट पर कोई सीधी टिप्पणी की। वैसे देखा जाए तो किसान संगठन शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग पर जोर दे रहे हैं जिसका उन्हें अधिकार है। ऐसे में इकलौता रास्त यही बचता है कि दोनों पक्ष खुले मन से बातचीत के जरिए बीच की कोई राह निकालें। उम्मीद है कि ताजा पहल हालात को उस तरफ ले जाएगी।

# युवा नेतृत्व पर यह पहल क्यों है जरूरी

**प्रधानमंत्री मोदी के इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना होगा, जिसकी शुरुआत एक छोटे कदम से हुई। हर साल की तरह इस बार भी हमने स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया। लेकिन इस बार राष्ट्रीय युवा दिवस को देश के लिए नए लीडर्स तराशने का मौका बनाते हुए इस कार्यक्रम को 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025' के रूप में आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद मानते थे कि भारत को युवा ही आगे ले जा सकते हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा है, 'जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।' प्रधानमंत्री मोदी की युवाओं में अटूट श्रद्धा है। वह मानते हैं कि अगर युवाओं को सही मार्गदर्शन और अवसर प्रदान किया जाए, तो युवा इतिहास रच सकते हैं।**

(डॉ. मनसुख मांडविया)

महाभारत काल से हमारे देश की परंपरा रही है कि राष्ट्र का नेतृत्व जन्म के आधार पर नहीं, कर्म के आधार पर सौंपा जाए। इसीलिए राजा भरत ने अपने नौ पुत्र होते हुए भी युवराज के तौर पर उनमे से किसी को भी नियुक्त न करते हुए भूमन्यु को सामर्थ्य के आधार पर नियुक्त किया था। भारत की यह प्राचीन रीत रही है कि हमारे गुणों के आधार पर नेतृत्व प्रदान किया जाता है। इसी परंपरा को फिर से जीवित करने के लिए और परिवारवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने संकल्प रखा है कि आने वाले समय में ऐसे एक लाख युवाओं को सक्रिय राजनीति में लाया जाए, जिनके परिवारों की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है।



### यंग लीडर्स

प्रधानमंत्री मोदी के इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना होगा, जिसकी शुरुआत एक छोटे कदम से हुई। हर साल की तरह इस बार भी हमने स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया। लेकिन इस बार राष्ट्रीय युवा दिवस को देश के लिए नए लीडर्स तराशने का मौका बनाते हुए इस कार्यक्रम को 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025' के रूप में आयोजित किया गया।

### संघर्ष और जीत

स्वामी विवेकानंद मानते थे कि भारत को युवा ही आगे ले जा सकते हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा है, 'जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।' प्रधानमंत्री मोदी की युवाओं में अटूट श्रद्धा है। वह मानते हैं कि अगर युवाओं को सही मार्गदर्शन और अवसर प्रदान किया जाए, तो युवा इतिहास रच सकते हैं।

### युवाओं पर जिम्मा

हमने विचार किया कि क्यों न इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए इसका आयोजन अलग तरीके से किया जाए। सोच विचार से तय हुआ कि 'विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025' कार्यक्रम का स्वरूप कैसा रहेगा। कुल मिलाकर कार्यक्रम की तैयारी के पहले दिन से लेकर कार्यक्रम पूरा होने तक, सभी कार्य युवा स्वयंसेवक ही करें। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 कार्यक्रम का पूरा जिम्मा हमारे युवा वॉलंटियर्स पर था। शायद यह पहला ऐसा सरकारी कार्यक्रम होगा, जिसमें हमने युवाओं को आगे रखा और सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पीछे रहकर उनका मार्गदर्शन किया।

### सक्षम हों युवा

युवाओं के लिए अपनी नेतृत्व एवं प्रबंधन शक्ति को तराशने का यह अवसर था। प्रधानमंत्री मोदी युवाओं को शासन व्यवस्था में लाने की सोच रखते हैं। उसी संदर्भ में सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि युवाओं की नेतृत्व शक्ति को कैसे विकसित किया जाए। ऐसे कार्यक्रम के जरिए ही हम अपनी युवा पीढ़ी को नेतृत्व करने में सक्षम बना रहे हैं और यह कार्यक्रम हमारे युवाओं के हाथों में नेतृत्व सौंपने का प्रथम पायदान रहा।

### तीस लाख युवा

इस कार्यक्रम में जो युवा प्रतिभागी बनकर आए, उनकी योग्यता का सम्मान करने के लिए विकसित भारत क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इसमें देश के 30 लाख से ज्यादा युवाओं ने हिस्सा लिया। जिसके बाद निबंध स्पर्धा और प्रजेंटेशन के माध्यम से उनका चयन किया गया। चयन करने की यह पद्धति देश के युवाओं ने ही तय की। चयनित प्रतिभागी अपनी काबिलियत के दम पर चुने गए जिसमें सिफारिश की कोई गुंजाइश नहीं थी।

### विषयों का चयन

युवाओं ने जिन दस विषयों पर प्रधानमंत्री के सामने अपने विचार रखे, उनका चयन भी खुद युवाओं ने ही किया। इसमें 'टेक फॉर विकसित भारत, मेकिंग इंडिया द ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस, मेकिंग इंडिया द स्टार्टअप कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड, एम्पावरिंग यूथ फॉर विकसित भारत, मेकिंग इंडिया स्पोर्टिंग एंड फिट नेशन, एम्पावरिंग विमिन एंड इंप्रूविंग सोशल इंडिकेटर्स' जैसे विषय शामिल थे। विषयों का यह चयन युवा की सोच और हमारी अमृत पीढ़ी देश को कौन सी दिशा में ले जाना चाहती है, वह दर्शाता है। देश के सभी राजनीतिक दलों को भी युवाओं की इस सोच को समझकर सम्मान देना पड़ेगा।

### अभूतपूर्व मौका

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री तकरीबन सात घंटे मौजूद रहे। उनके सामने युवाओं ने प्रजेंटेशन दी। प्रधानमंत्री ने बहुत गौर से युवाओं के विचारों को सुना और जाना कि देश के युवा 'विकसित भारत' के बारे में क्या परिकल्पना रखते हैं। देश के अलग-अलग हिस्से से आए युवाओं के लिए यह ऐसा एक अभूतपूर्व अवसर था, जिसमें उन्होंने देश के प्रधानमंत्री के सामने अपना विजन रखा। साथ ही इस आयोजन में इन युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे शीर्ष लोगों से संवाद का अवसर भी मिला।

नेतृत्व का संकल्प- विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग एक निर्णायक प्लैटफॉर्म बनकर उभरा है जो हमारे युवाओं को राजनीति में लाने का और विकसित भारत संकल्प को पूरा करने का माध्यम बनेगा। साथ ही हमारे युवाओं में नेतृत्व के गुण विकसित करने के साथ युवा पीढ़ी को भविष्य के भारत का नेतृत्व करने के लिए भी तैयार करेगा। (लेखक केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं)

# 5 साल का तप और इसरो के स्पैडएक्स ने रच दिया इतिहास, भारत को एलीट क्लब में पहुंचा दिया

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हमें एक बार फिर गर्व से सीना चौड़ा करने का बड़ा मौका दिया है। अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत ने एक और झंडा गाड़ दिया जब इसरो ने गुरुवार, 16 जनवरी को अपना पहला सैटेलाइट डॉकिंग मैन्युवर पूरा कर लिया। यह चंद्रयान-4 और भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन जैसे भविष्य के कई मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कई सूत्रों ने इस डॉकिंग मैन्युवर की सफलता की पुष्टि की है। इसरो ने 16 जनवरी, गुरुवार को सुबह 10.25 बजे अपने एक्स पोस्ट में लिखा, स्पैडेक्स डॉकिंग अपडेटः डॉकिंग के बाद एक ही ऑब्जेक्ट के रूप में दो उपग्रहों का नियंत्रण सफल रहा। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पावर ट्रांसफर की जांच की जाएगी।**

(नवीन कुमार पाण्डेय)

भारत ने अंतरिक्ष में बड़ी सफलता हासिल की। इसरो ने पहली बार सैटलाइट डॉकिंग प्रोसेस सफलतापूर्वक पूरी की। इस प्रक्रिया से चंद्रयान-4 और भारत के अंतरिक्ष स्टेशन जैसी भविष्य की मिशनों की राह आसान होगी। अब भारत अमेरिका, रूस और चीन के साथ उपग्रह डॉकिंग तकनीक में शामिल हो गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हमें एक बार फिर गर्व से सीना चौड़ा करने का बड़ा मौका दिया है। अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत ने एक और झंडा गाड़ दिया जब इसरो ने गुरुवार, 16 जनवरी को अपना पहला सैटेलाइट डॉकिंग मैन्युवर पूरा कर लिया। यह चंद्रयान-4 और भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन जैसे भविष्य के कई मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कई सूत्रों ने इस डॉकिंग मैन्युवर की सफलता की पुष्टि की है। इसरो ने 16 जनवरी, गुरुवार को सुबह 10.25 बजे अपने एक्स पोस्ट में लिखा, स्पैडेक्स डॉकिंग अपडेट- डॉकिंग के बाद एक ही ऑब्जेक्ट के रूप में दो उपग्रहों का नियंत्रण सफल रहा। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पावर ट्रांसफर की जांच की जाएगी।

इस सफलता के साथ, भारत अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों के एक खास समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास यह तकनीक है। हालांकि, इस तकनीक में पूरी तरह से महारत हासिल करने के लिए इसरो को और कई डॉकिंग परीक्षण करने होंगे। 30 दिसंबर को लॉन्च किए गए स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट में दो अलग-अलग लॉन्च किए गए उपग्रहों को लगभग 475 किमी की कक्षा में एक साथ जोड़ा गया। इसके लिए अंतिम आदेश बेंगलुरु में स्थित इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क से दिए गए थे।

यूआर राव सैलटलाइट सेंटर के निदेशक एम. शंकरन ने इस प्रक्रिया के बारे में बताया, हमने सब कुछ पूरी तरह से स्वचालित नहीं किया था। लॉन्च के बाद पांच से छह चरण थे। प्रत्येक चरण पर हम जमीन से निगरानी कर रहे थे और अगले चरण पर आगे बढ़ने से पहले हरी झंडी दे रहे थे।

इसरो ने बताया अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है

इसरो ने पेटल आधारित डॉकिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया, जो इंटरनैशनल डॉकिंग सिस्टम स्टैंडर्ड जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। अंतरिक्ष एजेंसी ने पूरे ऑपरेशन में काफी सतर्कता बरती। इसके तहत जमीनी सिमुलेशन का पूरा ध्यान रखा गया था जो 6 जनवरी को एक असफल परिदृश्य पर आधारित थे। इससे आगे की जांच की आवश्यकता का पता चला। इस महत्वपूर्ण जानकारी के कारण इसरो ने डॉकिंग प्रक्रिया को 7 जनवरी से 9 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया, और उसे फिर से स्थगित करना पड़ा।

दोनों उपग्रह 11 जनवरी तक 1.5 किमी से 230 मीटर की दूरी पर आ गए थे। इसरो ने कहा, 230 मीटर की अंतर-उपग्रह दूरी पर रोक दिया गया है, सभी सेंसर का मूल्यांकन किया जा रहा है। अंतरिक्ष यान की स्थिति सामान्य है। इससे एक दिन पहले इसरो ने कहा था कि अंतरिक्ष यान 1.5 किमी की दूरी पर और होल्ड मोड में हैं। इसरो ने कहा, (11 जनवरी) सुबह तक 500 मीटर तक की और दूरी तय करने की योजना थी,इसरो ने 9 जनवरी को सैटलाइट्स को धीमी गति से आगे बढ़ने के लिए सेट किया था क्योंकि उसे उस दिन डॉकिंग को स्थगित करना पड़ा था।

गड़बड़ियों के कारण टालना पड़ा था मिशन

30 दिसंबर को लॉन्च के बाद, इसरो डॉकिंग की तैयारी कर रहा था जिसमें कई चरण शामिल हैं। प्रत्येक चरण की जमीन से निगरानी की जाती थी और अगले चरण पर आगे बढ़ने से पहले हरी झंडी दी जाती थी। हालांकि, इसे अपने डॉकिंग प्रयास को कई बार स्थगित करना पड़ा। पहले डॉकिंग प्रयास के निर्धारित दिन से एक दिन पहले 6 जनवरी को इसरो ने पाया कि डॉकिंग प्रक्रिया को उस दिन पहचाने गए एक असफल परिदृश्य के आधार पर जमीनी सिमुलेशन के माध्यम से और सत्यापन की आवश्यकता है और 9 जनवरी को डॉकिंग टाइम दोबारा निर्धारित किया गया था।

इसरो ने 8 जनवरी को कहा, उपग्रहों के बीच 225 मीटर तक पहुंचने के लिए एक मैनुवर करते समय, गैर-दृश्यता अवधि के बाद बहाव अपेक्षा से अधिक पाया गया। कल (9 जनवरी) के लिए नियोजित डॉकिंग स्थगित कर दी गई है। उपग्रह सुरक्षित हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने 8 जनवरी की देर रात चेजर अंतरिक्ष यान पर बहाव शुरू किया था। सैटलाइट्स के नाम चेजर और टारगेट रखे गए हैं।

सैटलाइट डॉकिंग में सफलता का मतलब समझिए

उपग्रहों के बीच ड्रिफ्टिंग के कारण इसरो द्वारा सपाडेक्स को दूसरी बार स्थगित करने के एक दिन बाद 9 जनवरी को अंतरिक्ष यान को धीमी गति से बहाव के रास्ते पर लाने में कामयाब रही। इसरो ने गुरुवार को कहा, ...बहाव को रोक दिया गया है और अंतरिक्ष यान को एक दूसरे के करीब जाने के लिए धीमी गति से बहाव के रास्ते पर रखा गया है। (10 जनवरी) तक, इसके प्रारंभिक स्थितियों तक पहुंचने की उम्मीद । और 12 जनवरी को इसने 15 मीटर तक और फिर 3 मीटर तक पहुंचने का परीक्षण किया और फिर उपग्रहों को सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। अंतरिक्ष में डॉकिंग एक जटिल प्रक्रिया है और अब तक केवल तीन अन्य देशों ने ही इसमें महारत हासिल की है।

## वर्ग पहेली 5620

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | |
| 10 | | 11 | | ■ | 12 | 13 | |
| | ■ | | ■ | 14 | | | ■ |
| 15 | 16 | | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | | ■ | | ■ | |

संकेतः बाएं से दाएं
1. पारसमणि फिल्म से सरगमी सफर शुरू करने वालों में से एक संगीतकार जिनका जन्म 3 सितंबर 1944 है (4)
4. 1971 को यह देश स्वतंत्र राष्ट्र बना (3)
7. जल से उत्पन्न वस्तु (3)
8. पवित्र, पाक, पापहीन (3)
9. कल्पवृक्ष, अमरतरू, कल्पतरू (4)
12. आदर देना, आज्ञा पालन करना (3)
14. तिरस्कृत, अनाहत, अपमानित (3)
15. कोलकाता से 150 किमी दक्षिण पूर्व सुंदरवन में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ (5)
18. खिदमत, टहल, परिचर्या (2)
20. विद्युतपात, वज्राघात (2)
21. धैर्यहीन, अधीर, बेकरार (3)
23. एक स्त्री से प्रेम करने वाले दो व्यक्ति का परस्पर यह कहलाते है (3)

संकेतः ऊपर से नीचे
1. इसे मालवी में कांदा कहते है (2)
2. रेल लाईन (4)
3. शर्म, हया, लज्जा (2)
4. नरमुंडों की माला महनने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (5)
5. तेरा या तेरी (संस्कृत)(2)
6. झंकृत होना, झंकार होना (4)
9. वृक्ष, पेड़, झाड़ (2)
10. इंदौर के संगीतज्ञ मनोहर पटवर्धन द्वारा विकसित वाद्य यंत्र (4)
11. टौंस नामक नदी, ऋक्ष पर्वत से निकल गंगा नदी में मिलने वाली नदी (3)
13. विश्वकर्मा के सुत नल द्वारा बनाया गया रामेश्वर के निकट समुद्र पर बांधा पुल (4)
14. धन संपत्ति, स्वर्ण (2)
16. भोजन में सलाद के रूप में उपयोग में आने वाले शिखाकंद, पिंडमूल (3)
17. निर्धन, कंगाल, दरिद्र (3)
19. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
21. किसी वस्तु को पाने का अल्प निश्चय (2)

### वर्ग पहेली 5619 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ञ | रा | त | ■ | बे | रू | त |
| ल | ल | का | र | ना | ■ | म | न |
| ज़ा | ना | ■ | स | म | ख | ■ | ख्वा |
| री | ■ | ■ | ■ | व | ■ | ■ | ह |
| ला | ला | अ | म | र | ना | थ | ■ |
| ल | त | क | ना | ■ | म | ल | य |
| नं | ■ | ब | ना | व | ■ | च | ■ |
| दा | व | र | ■ | न | औ | र | ■ |

# नाचते-नाचते ट्रंप ने कर दिए 3 बड़े ऐलान, लोगों को क्यों आई पीएम मोदी की याद

(अभिनय आकाश)

पीएम मोदी ने सत्ता संभालने के कुछ समय बाद से ही ये बोलना शुरू कर दिया था कि वो भारत को विश्वगुरु बनाएंगे। मोदी सरकार ने भारत को आगे बढ़ाने के लिए मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और स्वदेशीकरण पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लोगों में हिम्मत और क्षमता की कमी नहीं है। अब यही डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में कर दिखाया। उन्होंने कहा कि हम अमेरिका को वापस उसका गौरव दिलवाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने इसके लिए मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा दिया।

सोमवार को शपथ लेने से पहले ट्रंप ने एक विक्ट्री स्पीच दी है। इस विक्ट्री स्पीच में डोनाल्ड ट्रंप ने तीन नए ऐलान किए जिसे सुनकर लोगों को पीएम मोदी की याद आ गई। कुछ लोग तो यहां तक बोल रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप तो पीएम मोदी वाले फॉर्मूले पर काम कर रहे थे। उसी फॉर्मूले पर काम करके डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने में काफी मदद मिल गई। ट्रंप ने कहा कि हम अमेरिका को फिर से महान देश बनाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप का नारा मेक अमेरिका ग्रेट अगेन पीएम मोदी की रणनीति से मेल खाता है। पीएम मोदी ने सत्ता संभालने के कुछ समय बाद से ही ये बोलना शुरू कर दिया था कि वो भारत को विश्वगुरु बनाएंगे। मोदी सरकार ने भारत को आगे बढ़ाने के लिए मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और स्वदेशीकरण पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लोगों में हिम्मत और क्षमता की कमी नहीं है। अब यही डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में कर दिखाया। उन्होंने कहा कि हम अमेरिका को वापस उसका गौरव दिलवाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने इसके लिए मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा दिया।

ट्रंप ने अपनी विक्ट्री स्पीच में कहा कि हम अपने स्कूलों में देशभक्ती की भावना को दोबारा लाएंगे। यानी अमेरिकी लोगों के मन में देश के प्रति इज्जत और देशभक्ती होनी चाहिए। ठीक यही पीएम मोदी कर चुके हैं। पीएम मोदी ने मन की बात में कहानियां सुनाई जो सच्चे देशभक्त हैं। पीएम मोदी ने उन लोगों को पद्म पुरस्कार दिए जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की। लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाने के लिए पीएम मोदी ने 2022 में ही हर घर तिरंगा कार्यक्रम शुरू कर दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि देश के सम्मान और तिरंगे से बढ़कर कुछ नहीं है। पीएम मोदी ने नौसेना को भी गुलामी के निशानों से मुक्ति दिलवाई और नौसेना से क्रास हटवा दिया। 26 जनवरी को गाई जाने वाली अबाइट विद मी की जगह ऐ मेरे वतन के लोगों गाया जाने लगा। मोदी सरकार ने ऐसे कई काम किए जो अब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप करना चाहते हैं।

ट्रंप ने कहा कि वो अमेरिका से लेफ्ट वामपंथियों को उखाड़ फेकेंगे। उन्होंने कहा कि हम सेना और सरकार को कट्टर वामपंथी विचारधारा से मुक्ति दिलाएंगे। ट्रंप के मुताबिक इसमें एजेंडा चलाने वाले पत्रकार, अखबार, इंफ्लूएंसर, एलजीबीटी क्यू, फेमनिस्ट लॉबी और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों का इकोसिस्टम है। वो इस इकोसिस्टम को बर्बाद कर देंगे। हैरानी वाली बात है कि ठीक छह महीने पहले पीएम मोदी ने भी यही बयान दिया था। पीएम मोदी ने संसद में खड़े होकर कहा था कि ये इकोसिस्टम 70 साल तक फला-फूला है। मैं आज इस इकोसिस्टम को चेतावनी देता हूं, मैं इस इकोसिस्टम को चेताना चाहता हूं कि इस इकोसिस्टम की जो हरकतें हैं, जिस तरह इकोसिस्टम ने ठान लिया है कि देश की विकास यात्रा को रोक देंगे, देश की प्रगति को डिरेल कर देंगे, मैं आज इकोसिस्टम को बता देना चाहता हूं कि उसकी हर साजिश का जवाब अब उसी की भाषा में मिलेगा। ये देश देशविरोधी साजिशों को कभी भी स्वीकार नहीं करेगा।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन आय में वृद्धि का है। आपको हर काम में सफलता मिलेगी। इससे आप बहुत खुश होंगे। शाम को कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको विशेष सम्मान मिलेगा। आपकी सुख-सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। शाम का वक?त दोस्तों के साथ बीतेगा और पार्टी का आनंद लेंगे। फालतू खर्च से बचें और अपने काम पर ध्यान दें।

### वृष

आज सम्मान मिलेगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा से मन को शांति मिलेगी। कानूनी विवाद में आपको सफलता मिलेगी। अगर आप स्थान परिवर्तन की योजना बना रहे हैं, तो वह सफल हो सकती है। दिन के दूसरे भाग में आपकी तरक्की होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल माहौल रहेगा।

### मिथुन

आज फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। सामाजिक कामों में रुकावट आएगी। अचानक धन लाभ होगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। बच्चों से जुड़ी खुशखबरी मिलेगी। बेवजह खर्च करने से बचें। अगर पहले से कोई बीमारी है, तो परेशानी बढ़ सकती है।

### कर्क

आज दिन अच्छा रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। बच्चों पर आपका विश्वास बढ़ेगा। आपको रिश्तेदारों की ओर से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आप अपनी शान-शौकत पर खर्च करेंगे, जिससे दुश्मन परेशान होंगे।

### सिंह

आज दिन मिला-जुला रहेगा। मानसिक परेशानी, उदासी और बेचैनी हो सकती है। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। ससुराल पक्ष से अनबन हो सकती है, मीठा बोलें। आंखों की समस्या में सुधार होगा। आज का दिन थोड़ा अच्छा, थोड़ा बुरा रहेगा। मन परेशान, उदास और बेचैन रहेगा।

### कन्या

आज दिन साहस से भरा होगा। आपके जरूरी कार्य पूर्ण हो सकते हैं। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। फिजूलखर्ची के कारण आप काफी परेशान रहेंगे। व्यापार में फायदा होगा। आज आप बहुत हिम्मत वाले रहेंगे।

### तुला

आज दिन शुभ है। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करेंगे। अपने गुरु के प्रति श्रद्धा रखें। आपके लिए नए काम में निवेश करना शुभ रहेगा। आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है। आपके अधिकार और संपत्ति में इजाफा होगा। लोगों की मदद करेंगे।

### वृश्चिक

आज मन परेशान रहेगा। व्यापार में किए गए प्रयास असफल हो सकते हैं। शाम तक धैर्य और प्रतिभा से दुश्मनों पर जीत मिलेगी। कोई पुराना मुकदमा चल रहा है, तो उसमें जीत मिल सकती है। आपका मन बेचैन रहेगा। कारोबार बढ़ाने की कोशिशें बेकार जा सकती हैं।

### धनु

आज विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी और आपको धन के मामले में लाभ होगा। दान-पुण्य करने का मन करेगा। धार्मिक कामों में हिस्सा लेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा, पैसों की स्थिति अच्छी होगी। आज आपकी पढ़ाई-लिखाई में तरक्की होगी। दान-पुण्य करने का मन करेगा।

### मकर

आज लाभ का दिन है। लेकिन कुछ बेवजह के खर्चे भी होंगे। ससुराल से सम्मान मिलेगा। व्यवसाय में मन लगेगा, रुके हुए काम पूरे होंगे। नए काम में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपको महंगी चीजें मिलेंगी, लेकिन कुछ जरूरी खर्चे भी करने पड़ेंगे।

### कुंभ

आज नई-नई चीजें सीखेंगे। जरूरत के हिसाब से ही खर्च करें। नौकर-चाकरों का सुख मिलेगा। शाम को पास की यात्रा हो सकती है, जो फायदेमंद रहेगी। आज आप कुछ नया सीखेंगे। सोच-समझकर खर्च करें। नौकर-चाकर सुख देंगे।

### मीन

आज बच्चों से जुड़ा कोई पुराना विवाद सुलझ जाएगा। लोग आपसे दोस्ती करना चाहेंगे। समाज में सम्मान मिलेगा। रात में परिवार के साथ मौज-मस्ती करेंगे। आपके बच्चे से जुड़ा कोई पुराना झगड़ा खत्म हो जाएगा। समाज में इज्जत मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी बॉन्ड से क्षेत्रीय पार्टियों ने भी जुटाई थी मोटी रकम; टीएमसी, बीआरएस जैसी पार्टियां रहीं अव्वल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर बीते साल खूब घमासान मचा। राजनीतिक पार्टियों को गुप्त तरीके से चंदा देने का अधिकार देने वाली इस योजना को लेकर विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर खूब निशाना साधा था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2024 में इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। अब इसे लेकर एक रिपोर्ट में दिलचस्प आंकड़े सामने आए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक बीजेपी, कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टियों के अलावा क्षेत्रीय पार्टियों ने भी इस योजना के जरिए बड़ी रकम जुटाई थी। क्षेत्रीय दलों ने 2023-24 में जितना पैसा इकठ्ठा किया था, उसका एक बड़ा हिस्सा चुनावी बांड के जरिए आया था। इस लिस्ट में ममता बनर्जी की टीएमसी और केसीआर की बीआरएस जैसी पार्टियां अव्वल रहीं। पार्टियों द्वारा चुनाव आयोग को दायर किए गए वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए तृणमूल कांग्रेस को 15 फरवरी 2024 तक 612.4 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं बीआरएस ने 495.5 करोड़ रुपये का चंदा हासिल किया था। इसके अलावा बीजेडी ने 245.5 करोड़ रुपये हासिल किए। चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी ने चंदे के जरिए 174.1 करोड़ रुपए और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने 121.5 करोड़ रुपये जुटाए थे।

### महाकुंभ 2025: कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर की नौकरी छोड़ संन्यासी बने स्वामी मुक्तानंद गिरि



**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ नगर में देश-विदेश से आए संत-महात्मा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन्हीं में एक नाम है स्वामी मुक्तानंद गिरि का, जो कभी इंग्लैंड की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। पंजाब के जालंधर में जन्मे 74 वर्षीय मुक्तानंद गिरि ने पढ़ाई-लिखाई और कॅरियर की ऊंचाइयों को छूने के बाद सनातन धर्म की राह पकड़ ली। मुक्तानंद गिरि ने इंग्लैंड की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी किया और डबल एमए (इंग्लिश और इकॉनॉमिक्स) की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर नौकरी की। शानदार कॅरियर के दौरान उनका सालाना पैकेज 20 लाख रुपये से भी अधिक था। 1992 में 41 वर्ष की आयु में उन्होंने सांसारिक जीवन त्याग दिया और सनातन धर्म के प्रचार में लग गए। उनके परिवार के लोग आज भी विदेश में रहते हैं, लेकिन मुक्तानंद गिरि ने संन्यास के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इन दिनों स्वामी मुक्तानंद महाकुम्भ में सेक्टर 18 स्थित संगम लोअर मार्ग पर पायलट बाबा के शिविर का संचालन देख रहे हैं। भगवा वस्त्रत् धारण किए हुए, सरल स्वभाव और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले मुक्तानंद गिरि के साथ जब लोग उन्हें फर्राटेदार अंग्रेजी और रूसी भाषा में बात करते हुए देखते हैं, तो आश्चर्यचकित हो जाते हैं।

### हिमाचल में बर्फबारी शुरू, सीएम सुक्खू को टालनी पड़ी मनाली की यात्रा

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में शिमला सहित अन्य भागों में सोमवार की सुबह से बादल छाए हुए हैं। चोटियों पर हल्की बर्फबारी भी हुई है। खराब मौसम के चलते हेलीकॉप्टर की उड़ान नहीं हो पाई। इस वजह से सीएम सुक्खू सुबह धर्मशाला से मनाली विंटर कार्निवल के शुभारंभ के लिए रवाना नहीं हो सके। शाम करीब चार बजे सीएम सड़क मार्ग से जोगिंद्रनगर के लिए रवाना हुए। बीते दिन भी 13,050 फीट ऊंचे रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ। चोटियों पर हल्की हिमपात के बाद कुल्लू और लाहौल स्पीति में शीतलहर तेज हो गई। खराब मौसम के बीच पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में अटल टनल रोहतांग होकर लाहौल पहुंचे और बर्फ के बीच मस्ती की। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 20 और 21 जनवरी को राज्य के उच्च पर्वतीय और आसपास के मध्य पहाड़ी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-हिमपात की संभावना है। जबकि 22 और 23 जनवरी को राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-हिमपात होने के आसार हैं। आगामी 24 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। वहीं अगले 2-3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। इसके बाद, अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की उल्लेखनीय गिरावट आने की संभावना है। साथ ही राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। आगामी 23 जनवरी को कुछ स्थानों पर शीतलहर की स्थिति रहने की संभावना है। प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में इजाफा हुआ है। शिमला का न्यूनतम तापमान 8.8, सुंदरनगर 9.0, भुंतर 4.0, कल्पा 0.6, धर्मशाला 4.5, ऊना 5.8, नाहन 9.1, केलांग -1.9, पालमपुर 7.4, मनाली 6.2, कांगड़ा 9.4, मंडी 9.1, बिलासपुर 9.7, हमीरपुर 9.1, चंबा 7.0, डलहौजी 5.4, कुफरी 7.0, कुकुमसेरी -5.9, नारकंडा 4.6, भरमौर 4.5, रिकांगपिओ 4.3, सेऊबाग 7.0, कसौली 10.1, पांवटा साहिब 11.0, सराहन 2.0, ताबो -4.3 व बजौरा में 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# फांसी क्यों नहीं दी? निचली अदालत के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट जाएगी ममता बनर्जी सरकार



**कोलका, एजेंसी।** कोलकाता के आर.जी.कार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के दोषी संजय रॉय को फांसी की सजा नहीं मिलने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निराशा जाहिर की है और कहा है कि उनकी सरकार निचली अदालत के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस से 'जबरन' ले लिया गया था। इस वजह से सीबीआई दोषी को फांसी की सजा दिला पाने में नाकाम रही।

उन्होंने कहा कि यदि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस के पास ही रहा होता, तो उसने निश्चित रूप से मौत की सजा सुनिश्चित की होती। मुर्शिदाबाद जिले में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले की सीबीआई जांच को लेकर केंद्रीय एजेंसी की आलोचना भी की।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने 13 अगस्त 2024 को मामले की जांच कोलकाता पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा, ''पहले दिन से ही, हम सभी ने मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हम अब भी अपनी मांग पर कायम हैं। मैं अपनी पार्टी की राय साझा कर सकती हूं, मामला हमसे (कोलकाता पुलिस से) जबरन ले लिया गया। अगर यह मामला (कोलकाता) पुलिस के पास ही रहा होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा मिले।''

उन्होंने कहा, ''हमें नहीं पता कि जांच कैसे की गई। राज्य पुलिस द्वारा जांच किये गए इसी तरह के कई मामलों में मौत की सजा सुनिश्चित की गई। मैं (फैसले से) संतुष्ट नहीं हूं...यदि मौत की सजा सुनाई गई होती, तो कम से कम मेरे दिल को कुछ शांति मिलती।''

सियालदह की अदालत ने संजय रॉय को राज्य सरकार द्वारा संचालित आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी करार दिये जाने के बाद सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सियालदह के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को, रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुए जघन्य अपराध के मामले में दोषी करार दिया था। इस घटना के बाद पूरे देश में अभूतपूर्व और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुए थे। न्यायाधीश दास ने कहा कि यह अपराध ''दुर्लभ से दुर्लभतम'' श्रेणी में नहीं आता, जिससे दोषी को मृत्युदंड दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता का जिक्र करते हुए कहा, ''अगर मौत की सजा सुनायी गई होती, तो इससे हमारे दिल को कुछ तसल्ली मिलती।''उन्होंने कहा कि इस अपराध के लिए ''सबसे कठोर सजा'' मिलनी चाहिए। ममता ने स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जांच किये गए बलात्कार और हत्या के इसी तरह के मामलों का जिक्र करते हुए कहा, ''हमने जिन तीन मामलों की जांच की - जयनगर, फरक्का और गुरल्प - उनमें हमारी पुलिस ने मृत्युदंड (उचित जांच और आरोपपत्र दाखिल करके) सफलतापूर्वक सुनिश्चित किया।'' उन्होंने कहा, ''आर जी कर से संबंधित मामला हमसे जबरन ले लिया गया और मुझे नहीं पता कि सीबीआई ने इस मुकदमे को कैसे लड़ा या उन्होंने (अदालत में) क्या दलील पेश की। यह सब सीबीआई द्वारा किया गया। हम ऐसे अपराधियों के लिए सबसे कठोर सजा चाहते हैं।

### एनसीआर में 10 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बनाने पर विचार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़-सोहना रोड पर जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। लोक निर्माण विभाग की ओर से बल्लभगढ़-सोहना रोड पर पाली चौक तक 10 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय से सर्वे के आदेश मिलने के बाद अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। अगले सप्ताह से सर्वे शुरू किया जाएगा। बल्लभगढ़-सोहना रोड से रोजाना करीब 50 हजार वाहन चालक आवाजाही करते हैं। गुरुग्राम से मथुरा-आगरा की ओर जाने वाले लोग भी इसी सड़क का प्रयोग करते हैं। इसके साथ ही सोहना रोड, सरूरपुर, बाजरी और नंगला में छोटी बड़ी दो हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयां हैं। सुबह और शाम के समय इनके वाहन भी माल लेकर आते हैं। ऐसे में रोड पर भारी जाम की स्थिति बन जाती है। यह सड़क कई स्थानों पर जर्जर अवस्था में है। टूटी होने के कारण वाहनों का सड़क से निकलना मुश्किल हो जाता है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी को भी जाम खुलवाने में मशक्कत करनी पड़ती है। पूर्व विधायक नीरज शर्मा की ओर से भी सोहना रोड को डबल लेन करने का प्रस्ताव रखा गया था, हाल ही में एनआईटी विधायक सतीश फागना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष बल्लभगढ़ रेलवे पुल से पाली चौक तक एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने की मांग रखी थी।

### आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल दलित विरोधी : जयराम रमेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को दलित विरोधी बताते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल के घर के बाहर पेंशन की मांगों को लेकर धरना दे रहे बौद्ध बिहार के भिक्षुओं, वाल्मीकि और रविदास समाज के मंदिरों के पुजारियों के वीडियो साझा किए। जयराम रमेश ने अपने पोस्ट में लिखा, अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देने की घोषणा की थी, लेकिन उन्होंने बुद्ध विहार और वाल्मीकि और रविदास मंदिरों के बारे में ऐसी कोई घोषणा नहीं की। यह एक बार फिर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की दलित विरोधी सोच को उजागर करता है। उनकी दलित विरोधी मानसिकता किसी से छिपी नहीं है। इसके कई उदाहरण पहले भी सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा, आप के 10 से अधिक राज्यसभा सांसदों में से एक भी एससी/एसटी, ओबीसी वर्ग से नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए दलित नेता राजेंद्र गौतम को अपने मंत्रिमंडल से अपमानित करके हटा दिया था। आप ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देकर दिल्ली में आरक्षण व्यवस्था को कमजोर कर रही है।

पिछले 10 वर्षों में विभिन्न विभागों में नियुक्त सलाहकारों में एससी, एसटी, ओबीसी की हिस्सेदारी नगण्य रही है। जाति जनगणना के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल चुप्पी साधे हुए हैं। आज जब कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज आम आदमी पार्टी द्वारा दलितों के साथ किए जा रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन दलित समाज अब उनकी सतही राजनीति को अच्छी तरह समझ रहा है और इस चुनाव में अपने साथ हुए विश्वासघात के लिए उन्हें सबक सिखाने जा रहा है। बौद्ध बिहार के भिक्षुओं, वाल्मीकि और रविदास समाज के मंदिरों के पुजारियों ने केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि बौद्ध विहार, वाल्मीकि और रविदास मंदिरों तथा चर्च के पुजारियों को भी 18 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जानी चाहिए।

### निकाय चुनाव पर महाविकास अघाड़ी में फूट, शरद पवार से मिले उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव गठबंधन के तहत लड़ने को लेकर विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) में मतभेदों के बीच मुंबई में एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि ठाकरे पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार के दक्षिण मुंबई स्थित आवास 'सिल्वर ओक' पहुंचे और एक घंटे से अधिक समय तक बातचीत की। विपक्षी गठबंधन एमवीए के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पवार ने एमवीए में मतभेदों को खत्म करने के लिए हस्तक्षेप किया है। उन्होंने हाल ही में कहा कि वह आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पर चर्चा करने के लिए गठबंधन के तीन घटक दलों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), शिवसेना (यूएनटी) और कांग्रेस की बैठक बुलाएंगे।

शिवसेना (यूबीटी) ने घोषणा की है कि वह स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी। पवार ने हाल ही में कहा था कि राष्ट्रीय स्तर पर बने 'इंडिया' गठबंधन और महाराष्ट्र के लिए गठित महा विकास आघाडी (एमवीए) के तहत क्रमशः राष्ट्रीय और राज्य स्तर के चुनाव लड़े जाने थे, स्थानीय स्तर के नहीं।

# गणतंत्र दिवस पर दुनिया देखेगी प्रलय, परेड में पहली बार शामिल होगी यह मिसाइल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में प्रलय मिसाइल पहली बार दिखाई जाएगी। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि नवविकसित सामरिक मिसाइल प्रलय परंपरागत हथियार ले जाने में सक्षम है। यह उन स्वदेशी हथियार प्रणालियों में शामिल है जिन्हें गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस तरह यह पहला मौका होगा जब गणतंत्र दिवस परेड में प्रलय मिसाइल को शामिल किया जाएगा। निश्चित तौर पर इससे दर्शकों का रोमांच और उत्साह और ज्यादा बढ़ जाएगा।

प्रलय मिसाइस को अपनी सटीकता के लिए जाना जाता है। साथ ही, यह दुश्मन के इलाके में अंदर तक घुसकर हमला करने में सक्षम है। प्रलय का गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होना स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती ताकत को दिखाता है। प्रदर्शन में शामिल अन्य प्रमुख हथियारों में ब्रह्मोस मिसाइल, मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर, टी -90 टैंक और नाग मिसाइलें हैं। यह भारत की मजबूत सैन्य शक्ति का नमूना पेश करेगा। इस साल की गणतंत्र दिवस परेड में न केवल सैन्य ताकत पर जोर होगा बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत का भी जश्न मनाया जाएगा। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के प्रतीक के तौर पर 2 खास झांकियां निकाली जाएंगी।

**500-1000 किलोग्राम भार ले जाने की क्षमता :** रक्षा सचिव ने बताया कि लगभग 90 मिनट की परेड में 31 झांकियां शामिल होंगी, जिनमें 16 राज्यों की और 15 केंद्रीय मंत्रालयों की होंगी। सिंह ने कहा कि परेड में प्रलय मिसाइल के साथ-साथ अन्य स्वदेशी रूप से विकसित प्लेटफॉर्म भी प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रलय छोटी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी भार ले जाने की क्षमता 500-1,000 किलोग्राम है। यह मिसाइल पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है। इसकी मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर है। हेलीकॉप्टर ध्रुव परेड का नहीं होगा हिस्सा राजेश कुमार ने कहा कि स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर (ख्रा) ध्रुव 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा नहीं होगा। उन्होंने हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल पर रोक को थोड़ी झटके वाली बात बताया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जल्दी ही हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल शुरू हो जाएगा। इस महीने एक एएलएच के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सशस्त्र बलों ने इन हेलीकॉप्टर के उड़ान भरने पर रोक लगा दी थी। सेना, भारतीय वायु सेना, नौसेना और तटरक्षक बल लगभग 330 एएचएल का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# दिल्ली में कुर्सी पर संग्राम, केजरीवाल के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंचे प्रवेश वर्मा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की सत्ता की चाबी किसे मिलेगी इसका फैसला जनता पांच फरवरी को करेगी। लेकिन उससे पहले राजधानी में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा पर जूते, साड़ियां, चश्में बांटने का आरोप लगाया था। पार्टी ने चुनाव आयोग में भी इसकी शिकायत की थी। अब पूर्व सांसद वर्मा ने केजरीवाल के खिलाफ पुलिस और चुनाव अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई है। केजरीवाल पर आरोप है कि उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र में आरडब्लूए को कुर्सियां वितरित करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। वर्मा के चुनाव एजेंट संदीप सिंह ने रविवार को शिकायत दर्ज कराई। आप ने इस आरोप को खारिज करते हुए एक बयान में कहा कि भाजपा के पास दिल्ली के लोगों के लिए कोई विजन नहीं है, और इसके बजाय वह केजरीवाल के खिलाफ झूठ और बदनामी अभियान चला रही है। आप ने आरोप लगाया, जब एक झूठ विफल हो जाता है, तो वे दूसरा झूठ बोल देते हैं। शिकायत के अनुसार, केजरीवाल ने अपने पार्टी कार्यकर्ता को स्थानीय निवासियों के वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को कुर्सियां वितरित करने के लिए भेजा, जिस से 5 फरवरी को होने वाले चुनावों से पहले मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके। सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया, यह बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक स्पष्ट संज्ञेय अपराध है, साथ ही आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी है क्योंकि केजरीवाल ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए खुलेआम रिश्वत दी। शिकायतकर्ता ने केजरीवाल के खिलाफ एक क्लिप भी पेश की, जिसमें एक व्यक्ति को ट्रॉली में कुछ कुर्सियां ले जाते हुए दिखाया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उस व्यक्ति ने यह बात मानी है कि उसे केजरीवाल ने भेजा था। आप और केजरीवाल ने वर्मा के खिलाफ चुनाव अधिकारियों के पास कई शिकायतें दर्ज कराई हैं, जिसमें उन पर निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के बीच पैसे, साड़ियां, जूते और अन्य सामान बांटने का आरोप लगाया गया है।

### राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के लोगों को राज्य दिवस पर दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने मंगलवार को मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के लोगों को उनके राज्य दिवस पर शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पोस्ट पर लिखा, राज्य स्थापना दिवस पर मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर के निवासियों को शुभकामनाएं। इन राज्यों के उद्यमशील लोगों ने देश के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। मैं इन राज्यों के निवासियों को शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं। उनकी विविध संस्कृति, जीवंत परंपराएं और समृद्ध जैव विविधता फलती-फूलती रहे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मेघालय राज्य दिवस पर मैं राज्य के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मेघालय अपनी प्राकृतिक सुंदरता और लोगों के मेहनती स्वभाव के लिए जाना जाता है। आने वाले समय में राज्य के निरंतर विकास के लिए प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, मणिपुर की हमारी बहनों और भाइयों को राज्य दिवस की शुभकामनाएं। भारत के अभिन्न अंग के रूप में मणिपुर ने देश की विरासत और संस्कृति में बहुत बड़ा योगदान दिया है। मैं राज्य की शांति और प्रगति के लिए प्रार्थना करता हूं। अमित शाह ने दूसरे एक्स पोस्ट में कहा, मेघालय की मेरी बहनों और भाइयों को राज्यत्व दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य और मेहनती लोगों से समृद्ध मेघालय ने भारत को गौरवान्वित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राज्य निरंतर सफलता की नई ऊंचाइयों को छूता रहे। अमित शाह ने एक और एक्स पोस्ट में कहा, त्रिपुरा की हमारी बहनों और भाइयों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। भारत की विरासत का गौरवशाली वाहक, त्रिपुरा आज देश के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन गया है। राज्य प्रगति करता रहे और विकास का रोल मॉडल बनकर उभरे। आपको बता दें कि पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 के अंतर्गत 21 जनवरी, 1972 को त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय को राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ।

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर आ सकते हैं 10 करोड़ श्रद्धालु, लंबी दूरी की ये 29 ट्रेनें रद्द

**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं की अनुमानित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लंबी दूरी की 29 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। ये ट्रेनें मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी स्नान पर्व तक चलनी थी। रेलवे ने स्थानीय भीड़ के मद्देनजर यह कदम उठाया है, ताकि रेलवे स्टेशन पर ट्रैक खाली मिले और ज्यादा से ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया जा सके।

रेलवे ने मौनी अमावस्या पर लंबी दूरी की 18 और वसंत पंचमी पर 11 नियमित ट्रेनें निरस्त की हैं। इसके अलावा 28 ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन की जगह प्रयागराज छिवकी होकर चलाई जाएंगी। इन सभी का शेड्यूल उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने जारी कर दिया है। एनसीआर के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि परिचालन कारणों से इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है। महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं की अनुमानित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लंबी दूरी की 29 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। ये ट्रेनें मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी स्नान पर्व तक चलनी थी। रेलवे ने स्थानीय भीड़ के मद्देनजर यह कदम उठाया है, ताकि रेलवे स्टेशन पर ट्रैक खाली मिले और ज्यादा से ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया जा सके। रेलवे ने मौनी अमावस्या पर लंबी दूरी की 18 और वसंत पंचमी पर 11 नियमित ट्रेनें निरस्त की हैं। इसके



अलावा 28 ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन की जगह प्रयागराज छिवकी होकर चलाई जाएंगी। इन सभी का शेड्यूल उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने जारी कर दिया है। एनसीआर के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि परिचालन कारणों से इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल - 28 जनवरी, दो फरवरी
12801 पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस- 28 जनवरी, दो फरवरी
12397 गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस - 29 जनवरी, तीन फरवरी
20962 बनारस-उधना- 29 जनवरी
12427 रीवा-आनंद विहार- 29 जनवरी, तीन फरवरी
12367 भागलपुर-नई दिल्ली- 29 जनवरी, तीन फरवरी
12308 जोधपुर-हावड़ा- 28 जनवरी
12816 आनंद विहार-पुरी - 29 जनवरी
12506 आनंद विहार-कामाख्या - 29 जनवरी, तीन फरवरी
12488 आनंद विहार-जोगबनी - 29 जनवरी
12312 कालका-हावड़ा नेता जी एक्सप्रेस- 28 जनवरी, दो फरवरी
18310 जम्मूतवी-संबलपुर- 28 जनवरी
15484 दिल्ली-अलीपुरद्वार- 29 जनवरी, तीन फरवरी
22466 आनंद विहार-मधुपुर - 29 जनवरी
12398 नई दिल्ली-गया महाबोधि 29 जनवरी, तीन फरवरी
12368 नई दिल्ली-भागलपुर - 29 जनवरी, तीन फरवरी
15633 बीकानेर-गुवाहाटी - 29 जनवरी
12941 भावनगर-आसनसोल - 28 जनवरी
22308 बीकानेर-हावड़ा -दो फरवरी

**चार मेमू समेत छह ट्रेनों के ठहराव में रेलवे ने किया परिवर्तन**

रेलवे ने महाकुम्भ के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो एक्सप्रेस और चार मेमू ट्रेनों के ठहराव में परिवर्तन किया है। कानपुर से चलने वाली मेमू अब प्रयागराज जंक्शन तक आएगी। ट्रेन नंबर 11801/11802 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी -प्रयागराज एक्सप्रेस अब 21 जनवरी से 27 फरवरी तक फतेहपुर तक जाएगी और वहीं से झांसी लौटेगी। ट्रेन नंबर 11273/11274 इटारसी - प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस अब चुनार तक चलेगी। 27 फरवरी तक इटारसी से और 28 फरवरी तक चुनार से चलेगी। ट्रेन नंबर 64595/64596 (पुराना नं. 04193/04194) पं. दीनदयाल उपाध्याय-सूबेदारगंज मेमू को फतेहपुर तक विस्तार किया गया है। 27 फरवरी तक पडित दीनदयाल और 28 फरवरी तक फतेहपुर रेलवे स्टेशन से चलेगी।

# महाकुंभ में पहुंची फर्राटा धाविका हिमा दास, गंगा में लगाई डुबकी

**लखनऊ, एजेंसी।** स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास ने महाकुंभ नगर आकर गंगा में डुबकी लगाई। धिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा यहां अपने दोस्तों के साथ आई थी और अपने अध्यात्मिक गुरू केशव दास जी महाराज से आशीर्वाद लिया।



महाराज ने कहा, 'जब हिमा को महाकुंभ में पूर्वोत्तर शिविर के बारे में पता चला तो वह आए बिना रह नहीं सकी। वह अपने दोस्तों के साथ आई, गंगा में डुबकी लगाई और रविवार को चली गई। उन्होंने कहा, 'वह इस अनुभव को लेकर काफी रोमांचित थी और नामघर देखने भी आई।

जकार्ता एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता हिमा 16 महीने का निलंबन खत्म होने के बाद वापसी की तैयारी में है। उनका निलंबर 22 जुलाई 2023 से 21 नवंबर 2024 तक था।

# परिवार के साथ रहने से खेल पर बहुत फर्क नहीं पड़ता: जोस बटलर

**कोलकाता, एजेंसी।** लंबे विदेश दौरों पर परिवार के साथ समय में कटौती के बीसीसीआई के दिशा निर्देशों के बीच इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने मंगलवार को कहा कि लंबे विदेश दौरों पर परिवार का साथ बहुत महत्वपूर्ण है और इससे प्रदर्शन पर ज्यादा असर नहीं पड़ता। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए हाल ही में दस बिंदुओं की अनुशासन नीति जारी की है जिसमें दौरों पर परिवार के साथ सीमित समय बिताने के प्रावधान पर बहस छिड़ी हुई है। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने इसे लेकर आंशका जताई है। बोर्ड के दिशा निर्देश के अनुसार खिलाड़ी 45 दिन से अधिक के दौरे पर परिवार के साथ दो सप्ताह से ज्यादा नहीं बिता सकते।



बटलर ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले कहा, 'यह काफी भारी सवाल है। यह अहम है। हम आधुनिक जगत में रह रहे हैं और दौरों पर परिवार का साथ रहना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, 'आजकल इतना क्रिकेट खेला जा रहा है और खिलाड़ी घर से बाहर काफी समय बिताते हैं। कोरोना के बाद इस पर काफी चर्चा भी हुई है। मुझे नहीं लगता कि परिवार के साथ रहने से खेल पर बहुत फर्क पड़ता है।

बटलर ने कहा कि परिवार की मौजूदगी से पेशेवर प्रतिबद्धताओं में दखल नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, 'सब संभाला जा सकता है। निजी तौर पर मेरा मानना है कि घर से दूर रहने का बोझ परिवार के साथ रहकर हल्का किया जा सकता है और यह काफी महत्वपूर्ण है।

# टेस्ट में बैजबॉल लाने वाले ब्रेंडन मैकुलम का टी20 के लिए स्पेशल प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच बनने के बाद बैजबॉल लाने वाले ब्रेंडन मैकुलम अब इंग्लैंड की वनडे और टी20 टीम को भी कोचिंग देंगे. ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि टेस्ट को बदलने वाले मैकुलम टी20 में क्या परिवर्तन करेंगे. ऐसे में मैकुलम ने खुद ही भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले इसका जवाब दिया है.

पहले टी20 से पहले ब्रेंडन मैकुलम ने संवाददाताओं से कहा, मैं जानता हूं कि यह दौरा मुश्किल होने वाला है, क्योंकि हमारा सामना भारत की मजबूत टीम से हो रहा है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम सतर्क शैली की क्रिकेट खेलेगी. दोनों टीम के बीच पांच मैच की टी20 सीरीज का पहला मैच बुधवार को ईडन गार्डस में खेला जाएगा. इसके बाद तीन एक वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की सीरीज होगी, जो 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होगी. मैकुलम ने कहा, यह शानदार और रोमांचक सीरीज होगी. हमें दो महीने पहले से इसके बारे में पता था और यह शानदार है. मैकुलम मानते हैं कि कोई भी टीम हर मैच नहीं जीत सकती है. उन्होंने कहा, ÷आप हर मैच नहीं जीतेंगे. हम काफी प्रतिस्पर्धी होना चाहते हैं. हमारे ड्रेसिंग में बातें एकदम अलग होती हैं. हमारे पास मौजूद प्रतिभावान खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने, सबको एक साथ लाने और सही स्किल्स खोजने के बारे में हैं. हमारे पास बेहतरीन बल्लेबाज, स्पिनर्स और बहुत तेज गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाज हैं.

आईसीसी अंडर-19 टी-20 वर्ल्डकप 2025:

# भारत की वैष्णवी शर्मा ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा की हैट्रिक और 5 विकेट की मदद से भारत ने आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में मंगलवार को मलेशिया को 10 विकेट से रौंद डाला. ग्वालियर की वैष्णवी ने इसके साथ ही इतिहास रच दिया है. उन्होंने आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप में अब तक की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की. उन्होंने महज 5 रन देकर 5 विकेट हासिल किए.

यह मुकाबला (21 जनवरी) को कुआलालंपुर के बयूमास ओवल मैदान में खेला गया. जहां भारतीय टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी हुई. वैष्णवी को उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया. इसके साथ ही वैष्णवी ने इस वर्ल्ड कप में पहली हैट्रिक भी जमाई.

**आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप**

(पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी)
- वैष्णवी शर्मा (भारत)
4.0-1-5-5
- ई एंडरसन (इंग्लैंड)
4.0-1-12-5
- एमजी मैसीरा (स्कॉटलैंड)
3.5-15-5



पहले गेंदबाजी चुनते हुए भारत ने मलेशिया को 14.3 ओवरों में 31 रनों पर आउट कर दिया. वैष्णवी ने 5 रन देकर 5, आयुषी शर्मा ने 8 रन देकर 3 और जोशिता वीजे ने 5 रन देकर एक विकेट लिया. भारत ने लक्ष्य सिर्फ 2.5 ओवरों में हासिल कर लिया. गोंगाडी तृषा ने 27 रन बनाए और धमाकेदार जीत दर्ज की.

इसके साथ ही भारत ग्रुप ए में टॉप पर बरकरार है. उसने अब तक 2 मैच खेले हैं और दोनों ही जीते हैं. अब भारतीय टीम का अगला मुकाबला श्रीलंका से 23 जनवरी को होगा. श्रीलंका के भी 4 अंक हैं, लेकिन भारत का रन औसत (प्लस 9.1) श्रीलंका (प्लस 5.5) से बेहतर है.

पिच से मिल रहे टर्न और उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए वैष्णवी ने मलेशिया को एक के बाद एक झटके दिए. उन्होंने नूरिन बिन्ती रोसलान, नूर इस्मा दानिया और सिति नाजवान को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया.उन्होंने 14वें ओवर में हैट्रिक ली जब मलेशिया का स्कोर नौ विकेट पर 30 रन हो गया.

# भारत-इंग्लैंड पहला टी-20 आज

● भारत में 14 साल से टी-20 सीरीज नहीं जीता इंग्लैंड ● दोनों टीमों के नाम 2-2 वर्ल्ड कप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत 22 जनवरी से हो रही है। कोलकाता में पहला मैच होगा। इंग्लैंड ने वैसे तो भारत को 46 प्रतिशत टी-20 हराए हैं, लेकिन टीम ने भारत में इस फॉर्मेट की आखिरी सीरीज 14 साल पहले 2011 में जीती थी। 2011 में एमएस धोनी भारत के कप्तान थे। उनके बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टीम की कमान संभाली, लेकिन किसी को भी इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं गंवानी पड़ी। अब टीम इंडिया सूर्यकुमार यादव और इंग्लिश टीम जोस बटलर की कप्तानी में 5 मैचों की सीरीज खेलेगी।



### भारत ने इंग्लैंड को 54 प्रतिशत टी-20 हराए

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 मैच 2007 के वर्ल्ड कप में खेला गया था। तब ग्रुप स्टेज मैच में भारत से युवराज सिंह ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ 1 ही ओवर में 6 छक्के लगा दिए थे। भारत ने यह मैच 18 रन से जीता था। 2007 से दोनों टीमों के बीच 24 टी-20 खेले गए। 54त्न यानी 13 में भारत और 11 में इंग्लैंड को जीत मिली। भारत में दोनों टीमों ने 11 मैच खेले, यहां भी टीम इंडिया आगे है। टीम ने 6 और इंग्लैंड ने 5 मैच जीते हैं।

भारत ने इंग्लैंड को लगातार 4 सीरीज हराई

भारत और इंग्लैंड के बीच 2011 में पहली टी-20 सीरीज खेली गई थी। जिसमें भारत को हार मिली थी। 2014 तक दोनों टीमों के बीच कुल 4 सीरीज हुईं, 1 ड्रॉ रही, जबकि 3 में भारत को हार मिली। 2017 से 2022 तक दोनों टीमों ने 4 और सीरीज खेलीं। चारों में भारत को ही जीत मिली। 2 बार भारत ने इंग्लैंड को उसी के घर में हराया। भारत में दोनों के बीच 4 सीरीज हुईं। 1 ड्रॉ रही और 1 में इंग्लैंड को जीत मिली, जबकि 2 सीरीज टीम इंडिया ने जीतीं।

### धोनी इंग्लैंड को एक भी सीरीज नहीं हरा सके

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 में 3 प्लेयर्स ने भारत की कप्तानी की। महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा। धोनी की कप्तानी में टीम ने 2011 से 2014 तक 4 सीरीज खेलीं, 3 में टीम को हार मिली, जबकि एक ड्रॉ रही।

2017 से 2021 तक कोहली की कप्तानी में टीम ने तीनों सीरीज जीतीं। वहीं 2022 में रोहित की कप्तानी में भारत को आखिरी सीरीज में भी जीत मिली। 2011 में जब इंग्लैंड ने भारत में आखिरी टी-20 सीरीज जीती थी, जब टीम के कप्तान ऑफ स्पिनर ग्रीम स्वान थे। वहीं 2014 में जब टीम ने अपने घर में भारत को आखिरी टी-20 सीरीज हराई, तब कप्तान ऑएन मॉर्गन थे। दोनों ही सीरीज में भारत के कप्तान धोनी ही रहे।

# ज्वेरेव ने बेकर को पीछे छोड़ा, सेमीफाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न, एजेंसी।** जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को टॉमी पॉल के विरुद्ध नाटकीय 7-6(1), 7-6(0), 2-6, 6-1 की जीत के साथ अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया।एटीपी रैंकिंग में नंबर 2 ने पहले दो सेटों में से प्रत्येक में एक सेट पॉइंट बचाया और रॉड लेवर एरिना में पॉल के दोनों सेटों को सर्व करने के प्रयास को विफल कर दिया। अमेरिकी खिलाड़ी द्वारा तीसरे सेट में फिर से वापसी करने के बाद, ज्वेरेव ने अपने शुरुआती बचावों को चौथे सेट में प्रभावशाली तरीके से भुनाया। अपने नौवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, जर्मन खिलाड़ी को कार्लोस अल्काराज़ और नोवाक जोकोविच के बीच शाम को होने वाले मुकाबले के विजेता का इंतजार है। दोनों पुरुष सेमीफाइनल शुक्रवार को खेले जाएंगे, जिससे ज्वेरेव और उनके प्रतिद्वंद्वी दोनों को दो दिन का आराम मिलेगा।

ज्वेरेव ने पॉल के साथ तीन लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबलों में अपनी पहली जीत हासिल की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दबदबा बनाया। शुरुआती दो सेटों में पॉल द्वारा की गई असामयिक गलतियों का फ़ायदा उठाते हुए, ज्वेरेव ने अपने दूसरे मौके का पूरा फ़ायदा उठाया। प्रतियोगियों ने ओपनर में 5-5 से ब्रेक का आदान-प्रदान किया, जिसमें ज्वेरेव ने पॉल सर्व पर 6-5, 40/30 पर सेट पॉइंट बचाया और फिर टाई-ब्रेक के माध्यम से दौड़ लगाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक हासिल किया, लेकिन लगातार तीन फ़ोरहैंड गलतियों के कारण वह 5-4 से पिछड़ गए। इसके बाद ज़ेवेरेव ने 4-5, 40/30 पर एक सेट पॉइंट बचाया और बाद में 5-6 पर एक लव होल्ड के बाद 7/0 से टाई-ब्रेक जीत के साथ सेट को छीनने के लिए लगातार 11 पॉइंट जीते। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों की इस उतार-चढ़ाव भरे मैच में चार बार सर्विस टूटी और 6-1 का अंतिम सेट भी सीधा नहीं था।




इंडिया-इंग्लैंड टी-20:

# अर्शदीप सिंह के निशाने पर युजवेंद्र चहल का रिकॉर्ड... 2 विकेट लेते ही रच देंगे इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ अपने घर पर 22 जनवरी (बुधवार) से पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है. इस टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे. जबकि अक्षर पटेल को इस सीरीज के लिए उप-कप्तान बनाया गया है. 15 सदस्यीय टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी शामिल किया गया है, जो लगभग 14 महीने बाद एक्शन में लौटे हैं.

### अर्शदीप सिंह इतिहास रचने की दहलीज पर

मोहम्मद शमी इस टी20 सीरीज में अर्शदीप सिंह संग पेस अटैक की अगुवाई करेंगे. अर्शदीप हालिया समय में जबरदस्त फॉर्म में रहे हैं. साल 2024 में अर्शदीप ने 18 टी20 इंटरनेशनल में 7.49 की इकोनॉमी रेट से 36 विकेट लिए थे और वह पिछले वर्ष इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज रहे. अर्शदीप ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भी शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने 17 विकेट लेकर भारतीय टीम को चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अब यदि इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 2 विकेट ले लेते हैं, तो इतिहास रच देंगे. दो विकेट लेते ही अर्शदीप टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे. अर्शदीप लेग-स्पिनर युजवेंद्र चहल को पछाड़ देंगे जो काफी समय से टीम से बाहर चल रहे हैं. बता दें कि चहल अभी टी20 इंटरनेशनल में सबसे सफल भारतीय गेंदबाज हैं. युजवेंद्र चहल ने भारत के लिए अब तक 80 टी20 मैचों में 8.19 की इकोनॉमी रेट से 96 विकेट लिए हैं. वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद अर्शदीप सिंह ने अब तक 60 टी20 में 8.32 की इकोनॉमी रेट से 95 विकेट चटकाए हैं. जबकि तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 90 विकेट्स के साथ इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर हैं.




### टी20 में सर्वाधिक विकेट (भारतीय गेंदबाज)

96 विकेट- युजवेंद्र चहल
95 विकेट- अर्शदीप सिंह
90 विकेट- भुवनेश्वर कुमार
89 विकेट- जसप्रीत बुमराह
89 विकेट- हार्दिक पांड्या

बता दें कि भारत दौरे पर इंग्लैंड टीम सबसे पहले 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी. पहला मुकाबला 22 जनवरी को कोलकाता में खेला जाएगा. टी20 के बाद भारत-इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज होगी. चैम्पियंस ट्रॉफी भी वनडे फॉर्मेट में होगी. ऐसे में यह सीरीज दोनों टीमों के लिए एक प्रैक्टिस के तौर पर होने वाली है. सीरीज का पहला वनडे 6 फरवरी को नागपुर में होगा.

चैंपियंस ट्रॉफी:

# बिना हार्दिक पांड्या टीम इंडिया अधूरी: कामरान अकमल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने हार्दिक पंड्या को अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में शामिल करने वाले खिलाड़ी के रूप में नामित किया है। वनडे विश्व कप 2023 के दौरान हार्दिक भारतीय टीम का अहम हिस्सा थे लेकिन बीच में चोट के कारण वह बाहर हो गए थे। उन्होंने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करने के साथ गेंद को सहजता से उछालने की क्षमता के कारण सबका ध्यान खींचा था।



कामरान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि भारतीय टीम में मुख्य खिलाड़ी हार्दिक पंड्या हैं, उनके बिना प्लेइंग इलेवन अधूरी है। वह मेरे पसंदीदा हैं, वह बल्ले और गेंद से उल्लेखनीय हैं। वह खेल को खत्म भी करते हैं। हार्दिक ने भारत के लिए 86 वनडे मैचों में 34.01 की औसत से 1,769 रन बनाए हैं, जिसमें 92* के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 11 अर्द्धशतक शामिल हैं। गेंद के साथ उन्होंने 35.23 की औसत से 84 विकेट लिए हैं, जिसमें 4/24 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

कामरान के अलावा, भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने हाल ही में कहा था कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान स्टार ऑलराउंडर भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। रैना ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हार्दिक पंड्या की होगी - वह कब गेंदबाजी करते हैं और क्या वह कुलदीप यादव के साथ मिलकर गेंदबाजी करते हैं। आगामी मार्की इवेंट के लिए, रोहित शर्मा टीम के कप्तान होंगे और दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल उनके डिप्टी होंगे। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च तक चलेगा। इसकी मेजबानी पाकिस्तान और यूएई करेंगे।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जयसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जड़ेजा।

आईपीएल 2025 से पहले गरजे पंत...

# हमारी टीम में सारे तबाही प्लेयर हैं भाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के नए कप्तान ऋषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले निकोलस पूरन के साथ अपने करीबी रिश्ते और उनके विनाशकारी मध्य क्रम के बारे में बात की। पंत और पूरन का मैदान के बाहर एक बंधन है।

दिसंबर 2022 में एक जानलेवा दुर्घटना के कारण पंत खेलने में असमर्थ हो गए, तो पूरन विस्फोटक बल्लेबाज की रिकवरी पर नजर रखते थे। क्योंकि कई साल पहले पूरन भी कुछ ही ऐसी ही चोटों से उभरे थे। पंत और निकोल्स अब एक ही ड्रेसिंग रूम साझा करेंगे। पंत ने कहा कि पूरन मेरा करीबी दोस्त है, उसके साथ मेरा बहुत पुराना रिश्ता है। मेरी चोट के दौरान हम बात करते थे और वह पूछता था कि मैं ठीक हूं या नहीं। वह रिश्ता हमेशा रहेगा। पूरन और पंत के साथ एलएसजी को नवीनतम संस्करण के लिए कुछ बड़े हार्ड हिटर मिले हैं। रन-स्कोरिंग मामले में वह सनराइजर्स हैदराबाद को टक्कर देती नजर आ सकती है। पंत, पूरन और डेविड मिलर मध्य क्रम में आशाजनक संभावनाओं के रूप में दिखाई देते हैं जो किसी भी दिन प्रसिद्ध गेंदबाजी आक्रमण को भी ध्वस्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिलर ने पिछले 5 वर्षों के दौरान जिस तरह का अनुभव हासिल किया है, वह अद्भुत है, खेल को खत्म करना अद्भुत है। यदि आपके पास ये तीनों हैं, तो निश्चित रूप से तबाही है। हमारी टीम में सारे तबाही खिलाड़ी हैं भाई (हमारी टीम में, सभी खिलाड़ी विध्वंसक हैं)। आईपीएल के पिछले संस्करण में पंत ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए 13 मैचों में 40.55 की औसत से 446 रन बनाए थे। वह टी20 विश्व कप में भी आए और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल भी जीता। वहीं, आईपीएल के पिछले संस्करण में बल्ले से पूरन शानदार रहे। उन्होंने 178.21 की स्ट्राइक रेट से 499 रन बनाए थे। मिलर जिन्होंने पिछले सीजन में गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व किया था, ने फ्रैंचाइजी के लिए 151.08 की शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 210 रन बनाए थे।



# निधि डोगरा ने राष्ट्रीय स्तर पर योगासन प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** निधि डोगरा ने राष्ट्रीय योगासन स्कूली खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर कलात्मक योगासन प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया । वर्ष 2023-24 में निधि डोगरा ने हिमाचल प्रदेश को अंडर-19 योगासन खेल में पहला पदक दिलाया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन एबीपी शिक्षण संस्थान कोल्हापुर महाराष्ट्र में 15 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक आयोजन हुआ, जिसमें भारत के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों ने भाग लिया। इस अंडर-19 लड़के और लड़कियों की योगासन खेल प्रतियोगिता में समूह प्रतियोगिता, कलात्मक और लयबद्ध योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलात्मक प्रतियोगिता में निधि डोगरा ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश के लिए लगातार दूसरी बार स्कूली योगासन प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया । राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले रावमापा परमाणु में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के चीफ द मिशन डॉ. प्रेम शर्मा व अंडर-19 लड़कियों की टीम की प्रशिक्षक कुमारी मनीषा कटोच और मैनेजर डीपीई शशि कुमार थे। निधि डोगरा जिला हमीरपुर के गांव खियूंद की रहने वाली हैं।



# अमानगंज थाना अन्तर्गत भीषण सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से कार मे सवार तीन लोगो की मौत, दो गंभीर

## पाल परिवार तेलगांना से झांसी आ रहा था वापिस

पन्ना






पन्ना जिले के अमानगंज थाना अन्तर्गत 19 जनवरी को लगभग 4 बजे सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें किसी अज्ञात वाहन द्वारा बेगनआर कार को बुरी तरह टक्कर मार दी, जिसमें सवार पांच लोगो में दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, तथा तीन लोगो को जिला चिकित्सालय बुरी तरह टक्कर मार दी, जिसमें सवार पांच लोगो में दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, तथा तीन लोगो को जिला चिकित्सालय लाया गया जिसमें एक की ईलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार झांसी निवासी पाल परिवार तेलगांना में अपना व्यवसाय करता था, तथा सारे परिवार के साथ वहीं पर रहता था, जिसमें चन्द्रशेखर पाल की शादी आगामी 6 फरवरी को है जिसको लेकर व्यवस्था बनाने के लिए उक्त परिवार तेलगांना से अपनी बेगनआर कार क्रमांक ऐपी 31 सीजी 6968 पर सवार हो कर 18 जनवरी को चले थे, जिसमें सवार अनिल पाल, चन्द्रशेखर पाल, मानवी पाल, सुनिता पाल तथा छोटू पाल सवार थें। उक्त लोग कटनी से होते हुए अमानगंज के पास इटोरी मोड़ पर किसी अज्ञात बड़े वाहन की टक्कर से दुर्घटना ग्रस्त हुए सामने की टक्कर जोरदार होने के चलते कार मे सवार अनिल पाल भतिजा चन्द्रशेखर पाल, पुत्री मानवी पाल, की मौत हो गई, तथा अनिल पाल की पत्नी सुनीता पाल तथा पुत्र छोटू पाल बहुत ही गंभीर हालत मे है जो की पन्ना जिला चिकित्सालय में ईलाज चल रहा है। ज्ञात हो कि घटना की जानकारी अमानगंज पुलिस को लगने पर घायल तथा म्रतको को 108 वाहन से अमानगंज लाया गया था, जिसमें दो लोगो की मौत हो गई थी, उनका पोस्ट मार्टम अमानगंज मे ही कराया गया, तथा तीन लोगो को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया था, जिसमें जिला चिकित्सालय में चन्द्रशेख की मौत हो गई, तथा सुनीता एवं छोटू का ईलाज चल रहा है, घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनो को दी, परिजन भी पन्ना पंहुच गये तथा पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनो को सौप दिये गये, एवं घायलो को परिजनो ने अन्य अस्पताल मे ईलाज कराने के लिए ले गये है, उक्त घटना से पन्ना जिले में भी शोक का माहोल कायम है।

## अमानगंज घाटी में अनियंत्रित होकर बस पल्टी, दो दर्जन घायल



**पन्ना।** अमानगंज से गुड़गांव चलने वाली बस सवारीयों से भरी हुई, पन्ना की मझपहरा घाटी में पलट गई, जिसमें सवार दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गयें है, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के द्वारा 108 एवं अन्य वाहनो से घायलो को जिला चिकित्सालय भेजा गया है, जहां पर सभी का ईलाज किया जा रहा है, जिला चिकित्सालय में समय पर डॉक्टर न पंहुचने से घायल एवं पीड़ितो के बीच अफरा तफरी का माहोल देखा गया। फिलहाल ईलाज किया जा रहा है। ज्ञात हो कि प्रतिदिन अमानगंज से गुड़गांव के लिए अवैध रूप से टूरिस्ट परमिट के नाम से बसो का संचालन किया जाता है, जो बस संचालक पन्ना जिले से महानगरो के लिए मजदूरी करने वाले मजदूरो को ले जाते है, तथा छमता से अधिक सवारीयों को भरते है, और उनसे मनमाना किराया भी वसूल करते हैं।

# नजरबाग छत्रसाल खेल मैदान में बैडमिंटन कोर्ट का विधायक ने किया उद्घाटन



**पन्ना।** जेके सीमेंट कंपनी द्वारा अपनी समाजिक जिम्मेदारी सीएसआर मद की राशि से खेल और युवा विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया। नजरबाग स्थित छत्रसाल खेल मैदान में अत्याधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया गया। जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जे के सीमेंट के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल के द्वारा की गई। तथा विशिष्ट अतिथियों में पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार, पन्ना पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा, जिला पंचायत सीओ संघ प्रिय, जे के सीमेंट के सीनियर मैनेजर आदित्य प्रताप सिंह, बीजेपी जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति मीना पांडे,जिला पंचायत उपाध्यक्ष, संतोष यादव, जिला पंचायत परियोजना अधिकारी संजय सिंह, एसडीओपी पन्ना बघेल, सुरेंद्र सिंह, अमर सिंह आदि। कार्यक्रम का शुभारंभ फीटा काटकर किया गया। ज्ञात हो कि जेके सीमेंट: सामुदायिक विकास के लिए समर्पित है। बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कंपनी की यह सोच दर्शाता है कि खेल और फिटनेस को बढ़ावा देकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस बैडमिंटन कोर्ट को सफल बनाने के लिए जेके सीमेंट से संदीप त्रिवेदी, और सीएसआर टीम से मनीष शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साथ ही सीएसआर टीम से राकेश चौरसिया ने आयोजन को लेकर कार्य किया। खेल प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर नए बैडमिंटन कोर्ट से पन्ना के युवाओं और खेल प्रेमियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्राप्त होगी। यह कदम न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेगा बल्कि उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए प्रेरित करेगा। इस मौके पर अतिथियों ने जेके सीमेंट के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा, जेके सीमेंट जैसे संगठनों की पहल से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। यह बैडमिंटन कोर्ट न केवल पन्ना के खेल प्रेमियों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के समापन पर जेके सीमेंट ने यह विश्वास दिलाया कि वह समाजिक क्षेत्रो के कार्यो में हमेशा मदद करेगी।

# ग्राम पंचायत दिया में स्वामित्व योजना के तहत पट्टे किये गये वितरित



**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा घोषणा की गई थी, कि जो लोग अपनी पैत्रिक जमीन पर मकान बनाये हुए है, तथा उक्त जमीन के उनके पास पट्टे नही है उन सभी लोगो को ग्राम पंचायत, नगर पालिका तथा राजस्व विभाग के संयुक्त रूप से सर्वे करके पट्टे कार्ड बनाकर वितरित किये जायेगें। जिससे लोगो को असुविधा न हों, इसी के तहत दिनांक 19 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा वर्चुअल वीडियो कान्फैसिंग के माध्यम से लोगो को संबोंधित किया तथा पट्टे वितरित किये गये। इसी कड़ी मे पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि लोधी की उपस्थिती में स्वायित्व भूमि योजना के पट्टे वितरित किये गयें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत दिया के सरपंच शासन की योजनाओं को लोगो तक पंहुचाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते है तथा उनके द्वारा आम जनता की समस्याओं का भी निराकरण तत्कला किया जाता है।

## रोहित लोधी डिप्टी कलेक्टर, अजीत मिश्रा नायाब तहसीलदार बनें





**पन्ना।** पन्ना जिले के दो युवाओं ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल की है, जिसमें गुनौर निवासी रोहित लोधी का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है, रोहित लोधी नगर परिषद गुनौर के पार्षद रज्जू लोधी के सुपुत्र है, तथा सलेहा कस्वा के करीब मंधा ग्राम निवासी अजीत मिश्रा का चयन नायाब तहसीलदार के पद पर हुआ है, अजीत मिश्रा शिक्षक संतोष मिश्रा के सुपुत्र है, उक्त दोनो की सफलता पर जिले के लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे बधाई दी है।

# माता पिता की आज्ञा का पालन करने वाली संतान सबसे बड़ी भाग्यशाली है: प्रभा शंकर





**पन्ना।** स्थानीय भोलेनाथ जी मंदिर में विगत पन्द्रह जनवरी से राम कथा प्रतिदिन अनवरत चल रही है, जिसमें कथा वाचक पंडित प्रभाशंकर शास्त्री जी महराज द्वारा मर्यादा पुरषोत्तम भगवान राम की कथाओ का बड़े ही मार्मिक ढंग से वर्णन किया जा रहा है। जिसे सुनकर दर्शक श्रोता भाव विभोर हो रहें है। पांचवे दिन 19 जनवरी को उन्होने भगवान राम के राज अभीषेक तथा वन गमन की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाते हुए कहा कि इंसान का भाग्य पल भर में कैसा बदल जाये यह कहना मुश्किल होता है, सारी खुशी एक पल में मातम मे बदल जाती है, एवं जो भाग्य में लिखा है, वहीं हो कर रहता है, भाग्य के लिखे तथा कर्मो के प्रभाव को कोई बदल नहीं सकता हैं, भाग्य के लिखे को स्वंय भगवान भी नही बदल सकें एक तरफ भगवान राम की अभीषेक की तैयारी चल रही थी लेकिन पल भर मे ही उन्हे वनवास का आदेश मिल गया। उन्होने कहा कि इस संसार में धन वैभव पत्नी, बच्चे, मकान खजाना, के लिए लोग परेशान रहते है, लेकिन मनुष्य को भगवान की आराधाना के लिए सच्चे मन से छह मिनट का भी समय नहीं है, जबकी सच्चे मन से छह मिनट भगवान का स्मरण करने से करोड़ो पाप कट जाते है, मनुष्य को सत्य का साथ नहीं छोडना चाहीए, क्योकि सत्य ही राम है, और राम ही सत्य है, उन्होन आंगे बताया कि अपनो से बड़ो का हमेशा सम्मान करना चाहीए, जिस प्रकार भगवान राम नें मंत्री सुमंत का सम्मान पिता की तरह किया। इस संसार में मानवता ही सबसे बड़ा आचरण है, मानवता से ही यह संसार चल रहा है। उन्होने आंगे बताया कि जब महराज दशरथ नें राम को वन जाने के लिए बुलाया, तो वह कुछ भी नहीं कह पा रहे थें, क्योकि उन्होने महारानी कैकई के मांगे गये वरदान दे दिये थें, लेकिन वह राम को ही वनवास नहीं भेजना चाहते थें, परन्तु भगवान राम नें कहा कि पिता जो भी कहेगें हम पूरा करेगें तथा उन्होने कहा कि वह संतान किस काम की जो अपने पिता की संकट को न मिटा सकें। संसार मे वहीं संतान भाग्यशाली है, जो अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करती है। इस प्रकार से कथा वाचक प्रभा शंकर जी महराज ने भगवान राम के वनवास सहित पिता एवं माता, भाई के प्रेम सहित अन्य प्रकार से संसार में भगवान की कथाओं का वर्णन किया।

# अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में यातायात जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

पन्ना



सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है, तथा आम लोगो के साथ साथ छात्र छात्राओं, युवाओं को भी यातायात नियमो से अवगत कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकें। थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार के द्वारा अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास पन्ना में छात्राओं को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो को ट्राफिक सिग्नल, ड्रायवर द्वारा इण्डिकेटर या हाथ से दिए जाने वाले सिग्नल, ट्राफिक पुलिस द्वारा दिए जाने वाले सिग्नल, चौराहो पर लगे इलेक्ट्रानिक सिग्नल उनके मीनिग के विषय में बताया गया। रोड साईन (आदेशात्मक, चेतावनी एवं सूचनात्मक) सड़क चिन्हों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को रोड मार्किंग के विषय में बताया गया सड़क दुर्घटनाओं की वर्तमान स्थिति एवं कारणों के विषय में बताया गया। वाहन दुर्घटना तेजगति गति, नशे की हालत में वाहन चालन, ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाना, ओवरलोडिंग वाहन एवं खराब सड़के रोड एक्सीडेन्ट के लिए जिम्मेदार है। इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चलाने, हेलमेट, सीटबेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए। बच्चो को इमरजेंसी केयर के विषय में भी बताया गया। सड़क दुर्घटना में पीडित व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुचाना चाहिए ताकि उसकी जान बच सके बच्चो को गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) के बारे में भी अवगत कराया गया। इस दौरान श्रीमती लक्षकार नें बताया कि दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को यदि कोई जिला अस्पताल या स्वास्थ केन्द्र भेजता है तो उसे शासन की ओर से पांच हजार रूपये का ईनाम भी दिये जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक आर के सतनामी, छात्रावास अधीक्षक यातायात विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## जिला स्तरीय व्याख्यानमाला आयोजित

**पन्ना।** म.प्र. जनअभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में गत दिवस शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में जिला स्तरीय व्याख्यान माला का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले एवं परिषद के जिला समन्वयक आनंद पाण्डेय द्वारा विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। अन्य उपस्थितजनों द्वारा भी अपने उद्गार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में स्वच्छता निरीक्षक हरिओम नामदेव सहित शेख अंजाम, अखिलेश श्रीवास्तव, शिवेन्द्र नामदेव एवं सचिन नामदेव तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवार 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

## आवास प्लस 2.0 ऐप से होगा सर्वे, हितग्राही स्वयं भी कर सकते हैं आवेदन

पन्ना

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्रीमण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव व रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई, जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधायुक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

# अमानगंज में गहोई दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## क्षेत्रीय विधायक सहित भारी संख्या में समाज के लोग रहे शामिल



**पन्ना।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अमानगंज तहसील मुख्यालय में गहोई दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें गहोई समाज के हजारो लोग शामिल हुए, कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह नौ बजे शोभा यात्रा के साथ हुआ। तत्पश्चात् कार्यक्रम स्थल साई मंडपम में सर्व प्रथम दीप प्रज्जवलन करते हुए सूर्य पूजन तथा सरस्वती वंदना की गई। तत्पश्चात् उपस्थित अतिथियो का स्वागत एवं सांस्कृतिक गीत आयोजित किये गयें। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश मोदी, उपस्थित रहें, तथा अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा द्वारा की गई। इस दौरान अनेक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम में गोविन्द छिरोल्या, राम स्वरूप छिरोल्या, मनीष रेजा, संतोष छिरोल्या, श्रीमती रानी मोदी, शिवम कुरेले, राजेश छिरोल्या, सुधीर छिरोल्या, लल्लू रावत, हरीकांत रेजा, अवनीश मोदी, संतोष वरसैया, मनीष मोदी, अजय, बिहारीलाल मोदी, सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहें।

# जबलपुर नें बालाघाट की टीम को हराया

**पन्ना।** पन्ना जिले के छत्रसाल स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ द्वारा 19 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट कप का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया तत्पश्चात् टीम के खिलाड़ीयो का अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्सावर्धन किया गया। पहला मैच बालाघाट तथा जबलपुर की टीम तथा जबलपुर की टीम के बीच खेला गया, जिसमें जबलपुर की टीम ने एक गोल से बालाघाट की टीम को हराया है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पांडे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, जिला फुटबाल संघ के सभी पदाधिकारी कलेक्टर पन्ना पुलिस अधीक्षक पन्ना जेके सीमेंट के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल एवं एनएमडीसी के महाप्रबंधक श्रीधर कोडाली, फुटबाल संघ के पूर्व अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय, सुरेन्द्र सिंह परमार, एसडीओपी तथा जिला खेल अधिकारी एस पी सिंह बघेल, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जेके सीमेंट पन्ना डायमंड लेडीज क्लब द्वारा दिव्यांग बच्चों की गई मदद



**पन्ना।** समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर के अंतर्गत डायमंड लेडीज क्लब ने दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने का अनूठा प्रयास किया। श्रीमती अल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में क्लब की महिलाओं ने बच्चों के बीच जाकर न केवल सर्दियों के कपड़े, चॉकलेट और फल वितरित किए, बल्कि अपने स्नेह और अपनत्व से उनका दिल भी जीता। इस आयोजन में श्रीमती स्नेहिल पारिख, श्रीमती लक्ष्मी सोनी, श्रीमती मुन्नी पांडेय, श्रीमती अनिमा द्विवेदी, श्रीमती शालू चौहान, श्रीमती शालू अग्रवाल और श्रीमती शालिनी यादव ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उनकी इस प्रेरक पहल को यूनिट हेड कपिल अग्रवाल और एचआर हेड अवनीश कुमार गौतम का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा ने किया। मंच संचालन श्रीमती दीक्षा ने बड़ी खूबसूरती से संभालते हुए आयोजन को जीवंत बना दिया। छात्रावास डीपीसी अजय गुप्ता, वार्डन राणा प्रताप सिंह, सहायक वॉर्डन आशीष सोनी, अतिथि शिक्षक विकाश पटेल, शिक्षक देव शरण गर्ग सीएसआर टीम से राकेश चौरसिया ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जेके सीमेंट डायमंड लेडीज क्लब की महिलाओं ने बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें स्नेह और अपनापन का एहसास कराया। इन बच्चों की खुशी और भावनाओं ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। क्लब की सदस्यों का कहना है कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर उन्हें जो आत्मिक संतोष मिला, वह शब्दों से परे है। जेके सीमेंट पन्ना की यह पहल समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और जरूरतमंदों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में प्रेरणादायक हैं। हर मुस्कान के पीछे एक नेक इरादा होता है, और डायमंड लेडीज क्लब ने इस बात को बखूबी साबित किया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 22 जनवरी 2025 | 8


कमिश्नर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कमिश्नर ने विभिन्न आवेदन पत्रों में जनसुनवाई की। कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध पर कार्य कर रहे कर्मचारियों के लंबित वेतन के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी लंबित वेतन का सात दिवस में भुगतान कराएं।



## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्काल कार्यवाही करें

### सप्ताह में कम से कम दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करें : कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी सप्ताह में कम से कम दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान विभाग के कार्यों की निगरानी के साथ अस्पताल, आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल और छात्रावासों का निरीक्षण भी करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। इसमें शामिल ग्रामीण विकास विभाग, गृह विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय, ऊर्जा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी लंबित आवेदनों में कार्यवाही करके प्रकरणों का निराकरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारी तैनात किए गए थे। उनसे प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उपायुक्त ट्राईबल छात्रावासों में व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। छात्रावासों में भोजन, आवास, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा की उचित व्यवस्था करें। संयुक्त संचालक उद्योग विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की योजनावार तथा जिलेवार सूची प्रस्तुत करें। सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 100 दिन से अधिक से लंबित प्रकरणों का विशेष प्रयास करके निराकरण कराएं। पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि जनवरी माह में 77 शासकीय सेवक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कई बार निर्देश देने के बावजूद अब तक 58 कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। कमिश्नर ने पेंशन प्रकरण प्रस्तुत न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रीवा तथा सतना, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हनुमना, त्योंथर, रायपुर, गंगेव तथा सिरमौर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एक वार्षिक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने पेंशन प्रकरण प्रस्तुत न करने पर कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री सेतु विकास निगम, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा तथा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विद्युत यांत्रिकी विभाग की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। योजनाओं में फरवरी माह के अंत तक विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। आपूर्ति नियंत्रक खाद्यान्न का समय पर उठाव कराकर उचित मूल्य दुकानों से वितरण कराएं। खाद्यान्न वितरण से जुड़ी सभी शिकायतों का सात दिवस में निराकरण करें। अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण भी प्राथमिकता से निराकृत कराएं। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, एसडीओ वन विद्याभूषण मिश्रा, चीफ इंजीनियर ऊर्जा आईके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संयुक्त संचालक कृषि जेएस नेताम तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## निराला नगर में जनकल्याण शिविर आज

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 22 जनवरी को वार्ड क्रमांक 9 के लिए निराला नगर सरस्वती स्कूल रीवा में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## कुष्ठ रोग जांच एवं उपचार शिविर संपन्न

**रीवा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्रीय जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिये कुष्ठ रोग के सूक्ष्म परीक्षण व समुचित उपचार हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में परिरूद्ध बंदियों को कुष्ठ रोग के उपचार एवं निदान के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुये कुष्ठ रोग का परीक्षण किया गया।

## चिरहुला मंदिर परिसर में 3.25 करोड़ रूपये से किये जा रहे हैं सौन्दर्यीकरण व विस्तार के कार्य

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**रीवा।** चिरहुला मंदिर परिसर में 3 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत से विस्तार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

मंदिर परिसर में निर्माणाधीन 30 दूकानों के निर्माण कार्य सहित प्रस्तावित पार्किंग स्थल का कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए निर्देश दिये कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूरे करायें। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर तक सड़क के किनारे में पेवर ब्लाक लगाकर चौड़ा करें तथा पार्किंग स्थल को समतल कर सुविधाजनक बनायें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुसार प्रवेश व निकास के मुख्य द्वार से मार्ग बनायें तथा मंदिर से लगे क्षेत्र में हाल का निर्माण प्रारंभ करायें। कलेक्टर ने अन्न क्षेत्र को व्यवस्थित करने तथा भीड़ में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उल्लेखनीय है कि नवीन दूकानों के बन जाने से मुख्य द्वार से मदिर तक का मार्ग चौड़ा व सुविधाजनक हो जायेगा तथा चिरहुला तालाब का सौन्दर्य भी बढ़ेगा साथ ही संपूर्ण परिसर में श्रद्धालुओं को सुगमता हो जायेगी। भ्रमण के दौरान एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ डॉ. अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, कार्यपालन यंत्री पीआईयू के.के. तिवारी, सहायक मंत्री ओ.एन. मिश्रा, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला उपस्थित रहे।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 25, 29 धोबिया टंकी रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु उप अंकेक्षक बी.एल. कनौजी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

### जनकल्याण अभियान में 22 और 23 जनवरी को लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 22 और 23 जनवरी को शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 22 जनवरी को दुअरा 275, सिंरसा और धवैया 291 तथा 23 जनवरी को गौरा, अमवा और तमरादेश में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 22 जनवरी को जोकिहा, लक्ष्मणपुर, खौर और कोठी तथा 23 जनवरी को जोरी, लोही और नैकिन में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 22 जनवरी को खम्हरिया 17 और कल्याणपुर तथा 23 जनवरी को टिकैतनपुरवा और गहिलवार में शिविर लगेंगे।

## शांतिधाम के लिए जमीन तत्काल उपलब्ध कराएं : सीईओ

**रीवा।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी एसडीएम को शांतिधाम निर्माण के लिए जमीन तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती त्रिपाठी ने कहा है कि सभी तहसीलदारों को जिन गांवों में शांतिधाम नहीं है उनकी सूची उपलब्ध कराई गई है। इन गांवों में शांतिधाम निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन चिन्हांकित कर ग्राम पंचायत को आवंटित करें जिससे शांतिधाम का निर्माण कराया जा सके।

## जनसुनवाई में 99 आवेदकों की सुनवाई की गई



**रीवा।** प्रत्येक मंगलवार में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने 99 आवेदकों की सुनवाई की तथा प्राप्त आवेदन पत्रों पर संबंधित विभागों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

सत्येन्द्र कुमार शुक्ला निवासी जनकहाई, द्वारिका यादव निवासी देउर त्योंथर, मुन्नालाल साकेत निवासी रहट, भीमसेन कोरी, वरूणेन्द्र द्विवेदी निवासी बुदामा दुलहरा तथा तिहरा ग्रामवासियों के अवरूद्ध रास्तों में आवागमन सुचारू रूप से संचालित होने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। शुकवार निवासी हरिहर द्विवेदी के नक्शा तरमीम को निरस्त करने तथा लौआ कोठार निवासी राजकुमार तिवारी के नक्शा तरमीम की जांच किये जाने के आवेदन को संबंधित एसडीएम को प्रेषित कर कार्यवाही करने का आवेदन प्रस्तुत किया जिसे एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया।

इसी प्रकार विमला मिश्रा के क्योटी नहर में अर्जित भूमि का मुआवजा देने के आवेदन पर भू-अर्जन अधिकारी को कार्यवाही हेतु तथा मालती निवासी सुआरन टोला के सहायता राशि प्रदान करने के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित भेजा गया। मुकेश पटेल अगडाल ने उपार्जित धान का भुगतान कराने का आवेदन दिया जिसे महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक को तथा उस्मान अंसारी रीवा निवासी के आयुष्मान कार्ड बनाने के आवेदन को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। राजकुमार विश्वकर्मा ने विद्युत मीटर के रीडिंग से बिल भुगतान का आवेदन प्रस्तुत किया जिसे कार्यवाही किये जाने हेतु विद्युत विभाग को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनकल्याण शिविर में आमजनता के 79731 आवेदन पत्र हुए मंजूर

### जिले में आयोजित 659 शिविरों में बड़ी संख्या में हुआ आवेदनों का निराकरण

रीवा

जिले में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 21 जनवरी तक आयोजित 659 शिविरों में कुल 84195 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 79731 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 2480 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 1965 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित 494 शिविरों में कुल 64319 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 60222 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 19582, रायपुर कर्चुलियान में 5468, रीवा में 5471, सिरमौर में 12197, गंगेव में 5558 तथा जवा में 16043 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 19391, रायपुर कर्चुलियान में 5170, रीवा में 4834, सिरमौर में 11558, गंगेव 5271 तथा जवा में 13998 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में आयोजित 165 शिविरों में कुल 19876 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 19509 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 9512, नगर पंचायत सिरमौर में 652, गुढ़ में 3037, मनगवां में 1278, गोविंदगढ़ में 348, सेमरिया में 1219, चाकघाट में 524, त्योंथर में 1531, डभौरा में 1013 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 762 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 9496, नगर पंचायत सिरमौर में 622, गुढ़ में 3034, मनगवां में 1277, गोविंदगढ़ में 262, सेमरिया में 1204, त्योंथर में 1522, डभौरा में 922, चाकघाट में 408 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 762 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शेष लंबित आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## रीवा बायपास कार्य समय सीमा में करें पूर्ण: उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा-बायपास परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके पूर्ण होने से न केवल शहर में यातायात का दबाव कम होगा, बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा-बायपास परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना सर्वोपरि है, ताकि आमजन को इस महत्वपूर्ण परियोजना का शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी श्री अविनाश लवानिया सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एलकेजी के छात्र को शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ित किये जाने पर विद्यार्थी परिषद ने किया आंदोलन



**रीवा।** शहर के बोदा बाग स्थित ज्योति किंडरगार्डन गार्डन स्कूल में अध्ययनरत 5 वर्षीय एल.के.जी. के छात्र को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया यह मामला जैसे ही विद्यार्थी परिषद के संदर्भ में आया विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नीम चौराहा के पास स्थित ज्योति किंडरगार्डन विद्यालय में छात्र के साथ हुई आपत्तिजनक घटना को लेकर आंदोलन किया जिसमें जिला संयोजक पी एन पाण्डेय जी ने बताया कि जिन शिक्षको द्वारा छात्र को प्रताड़ित किया गया उनके खिलाफ एफआईआर की मांग की और साथ ही विद्यालय को किसी भी अन्य छात्र के साथ ऐसी दुर्घटना न दोहराने की हिदायत। कड़कड़ाती ठंड में पंचवर्षीय छात्र के कपड़े क्लास में टीचरों द्वारा उतर वाए गए। इतना ही नहीं साथ ही छात्रा से ठंडी में कपड़े भी धुलवाए गये। पाचवर्षी छात्र के साथ ऐसे आनिंदनीय न कार्य कराए गए जिससे छात्र की तबीयत भी खराब हो गई। यह वाक्या विद्यालय प्रशासन की छात्रों के प्रति क्रूरता को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करता है।

विद्यालय प्रशासन की इन्हीं दुर्व्यवहार एवं गैर जिम्मेदार आत्मक स्वभाव को रोकने एवं छात्रों पर हो रहे अत्याचारों एवं दुर्व्यवहारों को रोकने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्रों के लिए खड़ा रहता है। साथ ही विद्यार्थी परिषद ने यह भी मांग की प्राचार्य कक्ष में भारतीय महापुरुष की प्रतिमा भी लगाई जाए। अन्यथा विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आंदोलन में प्रमुख रूप से नगर मंत्री हर्ष साहू, भाग संयोजक पवन द्विवेदी नगर सह मंत्री ऋषभ तिवारी विश्वविद्यालय मंत्री लव पाण्डेय प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दिशा मिश्रा हुहृह्य मंत्री आशीष द्विवेदी , आदर्श विज्ञान महाविद्यालय मंत्री आयुष शुक्ला, अध्यक्ष अभिनव विश्वकर्मा, उन्नति सिंह, सागर पांडेय,आयुष विश्वकर्मा, सिद्धांत तिवारी, प्रांतु तिवारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में फिर से शुरू होगा सर्वे, नए नाम जोड़े जाएंगे

### ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों का सर्वे शुरू कराएगी जिला पंचायत, तैयारियां शुरू

**रीवा।** प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की देश के गरीब व जरूतरमंद लोगों को अपना घर उपलब्ध कराने की योजना है। इस योजना के तहत लाभार्थी को सब्सिडी व लोन प्रदान किया जाता है ताकि ये आसानी से अपना घर खरीद या बना सके। इस योजना को शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के नाम से संचालित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का लाभ देने के लिए जिला पंचायत द्वारा जल्द ही पात्र हितग्राहियों का सर्वे शुरू कराया जाएगा। हितग्राहियो के नाम जोडे जाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेयर सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री, एडीईओ, पीसीओ में से ही एक को नियुक्त किया जायेगा जो सर्वे प्रारम्भ करने के पूर्व प्रक्रियाओ को पूर्ण करायेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिले अन्तर्गत सभी पंचातयो एवं ग्रामो की शत-प्रतिशत मैपिंग पोर्टल में किया जा चुका है। जिले के अन्तर्गत 820 पंचायत एवं 2709 ग्रामो की मैपिंग की गई है। कोई भी ग्राम छूटा नहीं है। सभी पंचायतों में सर्वे कार्य किये जाने हेतु सर्वेयर नियक्त/पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है जिले के 820 सर्वेयर पंजीयन किया जायेगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आवास 2024 सर्वेक्षण शुरू कर दिया है. जिसका पहला चरण सर्वेक्षणकर्ताओं का पंजीकरण है जो आवास अ 2024 मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके सर्वे कार्य करेंगे। जनपद पंचायतो द्वारा सर्वेक्षणकर्ताओं को पंजीकृत कर लिया है और उन्हें आवास 2024 मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करने हेतु ग्राम पंचायतों में मैप कर दिया है। इस योजना में जिन हितग्राहियों के पास मोटाराइज्ड श्री या फोर व्हीलर वाहन ना हों, मशीनकृत श्री या फोर व्हीलर कृषि उपकरण ना हों, किसान क्रेडिट कार्ड धारक जिसकी सीमा 50000 या अधिक ना हो, यह परिवार जिसका कोई सदस्य शासकीय सेवक ना हों, यह परिवार जिसका गैर कृषि इन्टरप्राइजेज सरकार में पंजीकृत ना हों, वह परिवार जिसके किसी सदस्य की मासिक आय 15000 से अधिक ना हो, इन्कम टैक्स पे ना हो, 2.5 एकड या अधिक सिंचित भूमि ना हों, 5 एकड या अधिक असिंचित न ही पात्र होंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत इस बार लाभार्थी को अपनी पसंद का मकान बनाने का मौका दिया गया है। योजना के तहत आवास प्लस ऐप में पसंद का मकान बनाने का ऑप्शन दिया गया है। आप जिस डिजाइन का मकान बनाना चाहते हैं इसका डिजाइन फेस डिटेक्शन के साथ ऐप में फीड हो जाएगा। लाभार्थी को मकान बनाने के लिए 1.20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता चार किस्तों में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की इस बार जारी की गई संशोधित नई गाइडलाइन के अनुसार जिन लाभार्थियों के पास बाइक, उन्हें भी पीएम आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

इसके अलावा यदि किसी परिवार का कोई सदस्य 15 हजार रुपए प्रतिमाह कमाता है तो भी उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। पहले 10 हजार रुपए प्रतिमाह कमाने वाले लोगों को ही इसमें आवेदन के लिए पात्र माना जाता था तथा परिवार के पास कच्चे एवं आवासहीन परिवारो को योजना के नियमों में ढील दिए जाने से अब अधिक जरूरतमंद और गरीबों तक इस योजना का लाभ पहुंच सकेगा।


*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833*